

सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911



सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22



आवश्यकता है
मीडिया हाउस
में काम करने के लिए ऑफिस बॉय की जरूरत है।
(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659



वर्ष- 14 अंक - 329 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 11 सितंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास - खबर

### चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी का विरोध, कहीं पथराव तो कहीं आगजनी

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी के विरोध में उनके समर्थक सड़कों पर उतर आए हैं। उनकी पार्टी तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) ने सोमवार को पूरे राज्य में बंद का आह्वान किया है। पूर्व मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए जन सेना पार्टी (जेएसपी) के पवन कल्याण ने भी इस बंद का समर्थन किया है। पूर्व सीएम की गिरफ्तारी के एक दिन बाद यानी की रविवार को आंध्र प्रदेश राज्य कौशल विकास निगम में भ्रष्टाचार के मामले में उन्हें 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

टीडीपी आंध्र प्रदेश के अध्यक्ष के अत्चन्नायडू ने पार्टी के कैडर, लोगों और समर्थकों से आंदोलन में भाग लेने और इसे सफ्ल बनाने का अनुरोध किया है। जेएसपी के पवन कल्याण ने भी कार्यकर्ताओं से शांतिपूर्ण तरीके से इस बंद में भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने सत्तारूढ़ वाईएसआर पार्टी पर राज्य के अन्य विपक्षी पार्टियों को परेशान करने का आरोप लगाया है। चंद्रबाबू नायडू को 23 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद उन्हें राजमुंदरी सेंट्रल जेल ले जाया गया।

### छत्तीसगढ़ में गणपति की मूर्तियां तोड़ने पर बवाल, बदमाश ने 15 मूर्तियां की खंडित

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में बदमाशों ने भगवान गणेश की मूर्तियों को खंडित कर दिया। मामला जिले के किलेपाल गांव का है जहां गणेश चतुर्थी के लिए गणपति की मूर्तियां बनाई जा रही थी। बदमाशों ने करीब 15 मूर्तियों को तोड़ दिया। सभी मूर्तियों की सूंड को नुकसान पहुंचाया है। रविवार को मूर्तिकार ने जब देखा तो इसकी शिकायत दर्ज कराई है। इस घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। वही पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है जिससे पूछताछ की जा रही है।

## लोकल फीडबैक और पॉजेटिव गोपनीय रिपोर्ट पर ही मिलेगी टिकट

# दुर्ग के 1 मंत्री व 1 विधायक की टिकट खतरे में!

## स्क्रीनिंग कमेटी ने 14 विधायकों की रिपोर्ट को माना बेहद खराब, कट सकती है टिकट

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**भिलाई।** कांग्रेस में चल रही टिकट की उठापटक अब नतीजे की ओर बढ़ती दिख रही है। शुक्रवार के बाद शनिवार और रविवार को चली लम्बी कवायद टिकट को लेकर छाए धुंधलके को छांटने में काफी हद तक सहायक रही। तय किया गया है कि स्थानीय फीडबैंक (एलआईबी रिपोर्ट), एआईसीसी द्वारा कराया गया सर्वे, पीसीसी और राज्य सरकार की रिपोर्टों से निकले निष्कर्ष पर ही कांग्रेस प्रत्याशियों को टिकट मिलेगी। बताया गया है कि स्क्रीनिंग कमेटी की लम्बी कवायद और कमेटी के अध्यक्ष अजय माकन के हस्तक्षेप के बाद पार्टी का रूख बदला है। इससे पहले प्रदेश स्तर पर यह लगभग तय कर लिया गया था कि सभी विधायकों को फिर से टिकट देना है, लेकिन माकन द्वारा एक-एक सीट का फीडबैक लेने के बाद अब करीब 14 विधायकों की स्थिति को बेहद खराब माना गया है। इन विधायकों के टिकट काटे जाने की पूरी संभावना है। वहीं दुर्ग जिले से संबंधित एक विधायक व एक मंत्री का टिकट काटे जाने के संकेत भी मिले हैं।

शुक्रवार की लम्बी और ऊबाऊ बैठक के बाद स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष अजय माकन शनिवार को दिल्ली उड़ गए। लेकिन बताते हैं कि वे अपने साथ पहले खेप की सीटों के नाम लेकर गए। उनके द्वारा बैठक में उठाई गई आपत्तियों और सुझावों पर फिर से अमल करने के लिए शनिवार और रविवार को दो दिनों तक मैराथन बैठकें चलती रही। सभी 5 संभागों से प्रमुख नेताओं को बुलाकर उनसे उम्मीदवारों के नामों पर रायशुमारी की गई। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, सिंगल नामों के पैनल में फंसने से कई विधायकों के सांसें अटकी हुई है। ये वे विधायक हैं, जिन्होंने अपने प्रभाव का इस्तेमाल तक ब्लाक और जिला से लेकर प्रदेश स्तर तक अपना नाम फायनल करवा लिया था। बताते हैं कि प्रदेश स्तर पर सभी 90 सीटों के नाम लगभग तय हो चुके हैं। पहली सूची जारी होने के बाद बाकी के नामों को स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष अजय माकन के जरिए सीईसी को भेजा जाएगा। पता चला है कि सीईसी की बैठक इस बार दिल्ली की बजाए हैदराबाद होने की संभावना है। वहीं से छत्तीसगढ़ के प्रत्याशियों का ऐलान भी किए जाने की संभावना है। यह बैठक 16 या 17 सितम्बर को हो सकती है।



### कई नेताओं की विधायकी खतरे में

रविवार को देर रात तक चली बैठक में एक-एक नामों पर मंथन किया गया। पार्टी की प्रारंभिक बैठकों में यह तय किया गया था कि किसी भी मंत्री की टिकट नहीं काटी जाएगी। लेकिन दो मंत्रियों को जीतने की स्थिति में नहीं पाया गया। इनमें से एक मंत्री दुर्ग जिले का बताया गया है। इस मंत्री के साथ पार्टी का जातीय समीकरण भी जुड़ा हुआ है, इसलिए अब तय किया गया है मंत्री की मंशानुसार उनका क्षेत्र बदल दिया जाए। वहीं कुल 14 विधायकों का ओवरऑल परफारमेंस भी खराब पाया गया है। इन सभी विधायकों के टिकट काटे जाने की संभावना है। इनमें से एक विधायक दुर्ग जिले से बताया जा रहा है। कल की बैठक में प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, सीएम भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव, पीसीसी चीफ दीपक बैज व विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत समेत अन्य लोग शामिल हुए। इस दौरान बस्तर और बिलासपुर संभाग की सीटों पर चर्चा होने की खबर है। यहां भी जिन क्षेत्रों से सिंगल नाम आए थे, उन्हें पैनलाइज कर दिया गया। हालांकि पार्टी ने प्रारम्भ में ही तय किया था कि ज्यादा से ज्यादा सीटों पर सिंगल नाम ही सीईसी को भेजे जाएंगे। पहली सूची जारी होने की तारीख को लेकर अब तक संशय बरकरार है।

### सीईसी अपने सर्वे के भरोसे

चुनाव समिति की बैठक में तय नामों को अजय माकन की अध्यक्षता वाली स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में रखी जाएगी। माकन सभी सीटों के नामों पर मंथन के बाद सूची केन्द्रीय चुनाव समिति के पास भेजेंगे। वहीं स्क्रीनिंग कमेटी जिन नामों को सीईसी के पास भेजेगी उसे अंतिम रुप देने से पहले सीईसी अपने सर्वे रिपोर्ट से उन नामों का मिलान करेगी। केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में 16 सदस्यों के अलावा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पीसीसी चीफदीपक बैज भी शामिल होंगे। चूंकि टीएस सिंहदेव सीईसी के मेंबर हैं इस लिहाज से छत्तीसगढ़ के तीन नेता इस बैठक में शामिल होंगे। दरअसल विधानसभा चुनाव के लिए एआईसीसी, एलआईबी, पीसीसी और राज्य सरकार द्वारा अलग-अलग सर्वे कराए गए हैं। इन सभी सर्वे में कई सीटों पर अलग-अलग दावेदारों के नाम सामने आए हैं। वहीं अजय माकन की अध्यक्षता में चार दिन पहले हुई स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में प्रदेश चुनाव समिति ने सभी 90 विधानसभा सीटों पर दावेदारों के नाम रखे। इसमें 25 से 30 सीटों को छोड़कर सभी सीटों पर दो से तीन नामों का पैनल तैयार किया गया। इनमें कुछ नाम तो ऐसे भी जो सर्वे सूची में शामिल ही नहीं थे। इस पर माकन ने कहा कि यदि विवाद की स्थिति नहीं है तो प्रदेश चुनाव समिति द्वारा सभी सीटों पर मंथन कर सिंगल नाम तय कर लिए जाएं। इसके बाद फिर स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक करेंगे। नाम घोषित करने से पहले टिकट नहीं मिलने से असंतुष्ट नेताओं को साधने की कोशिश भी की जा रही है। क्योंकि कई नेताओं के अभी से दूसरे दलों के संपर्क में होने की खबर है।

### युवाओं को ज्यादा तवज्जो

कांग्रेस आलाकमान की मंशा है कि इस बार ज्यादा से ज्यादा युवाओं को अवसर दिया जाए। इसलिए छत्तीसगढ़ में टिकट बांटने के लिए कई मापदंड तय किए गए हैं। इसके तहत उम्रदराज और बीमार नेताओं की जगह नए नामों को शामिल करने को कहा गया है। वहीं टिकट वितरण में इस बात का ध्यान दिया जाएगा कि प्रत्याशी 50 वर्ष से कम उम्र का हो। ऐसा प्रत्याशी यदि जिताऊ है तो उसे उम्रदराज स्थानीय विधायक पर तरजीह दी जाएगी। इसके अलावा जो विधायक दो या इससे अधिक बार चुनाव जीत चुके हैं, उन्हें लोकसभा का चुनाव लड़ाए जाने की बातें भी सामने आई है। टिकट वितरण के दौरान जो नेता या दावेदार असंतुष्ट हो जाता है, उससे सम्पर्क कर साधने की कोशिश की जाएगी। बताते हैं कि पार्टी को इस बात की भनक भी लगी है कि कई बड़े नाम वाले दावेदार दीगर दलों के सम्पर्क में हैं। उनको छिटकने से बचाना भी पार्टी की सूची में शामिल है। साथ ही 90 में से 20 से ज्यादा सीटें महिलाओं को देने की वकालत भी की गई है। जल्द ही राज्य के भिलाई क्षेत्र में कांग्रेस नेत्री प्रियंका वाड्रा गांधी आने वाली है। उनकी सभा में इसकी घोषणा होने की संभावना है।

## जी20 में कॉरिडोर बनाने के अहम समझौते से तिलमिलाया पाकिस्तान, सोशल मीडिया पर लोग बोले- हमें शर्म आती है



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में पहली बार सफ्लतापूर्वक हुए जी20 शिखर सम्मेलन की पूरी दुनिया में तारीफहो रही है। सभी विश्व स्तरीय नेताओं ने हिस्सा लेने के बाद भारत की मेजबानी और समिट में लिए गए फैसलों की तारीफकी। जी20 का यह सम्मेलन भारत के लिए भी ऐतिहासिक रहा, क्योंकि इसमें भारत, पश्चिमी एशिया और यूरोप के बीच कॉरिडोर बनाए जाने का अहम समझौता हुआ है। यह समझौता जहां एक तरफ भारत के लिए बड़ी कामयाबी है तो वहीं दूसरी तरफ इस समझौते से पाकिस्तान तिलमिलाया हुआ है। पाकिस्तान की जनता जी20 सम्मेलन के बाद से ही अपनी सरकार को कोसना जारी रखा है।

भारत, पश्चिमी एशिया और यूरोप के बीच कॉरिडोर बनाए जाने के समझौते के बाद पाकिस्तान के लोग इस कदर बौखलाए हुए हैं कि उन्हें अब खुद पर ही शर्मिंदगी महसूस हो रही है। पाकिस्तानी नागरिक इसे वेक अप कॉल बताते हुए देश की सरकार में बदलाव की मांग कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी नागरिकों ने सरकार के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की है।

### सोशल मीडिया के जरिए व्यक्त कर रहे नाराजगी

भारत, पश्चिमी एशिया और यूरोप के बीच कॉरिडोर समझौते के बाद से भी पाकिस्तान के नागरिक अपनी सरकार को कोसने में लगे हैं। सोशल मीडिया पर एक पाकिस्तानी यूजर ने लिखा, 'यदि इस्लामाबाद में नीति निर्माताओं के पास थोड़ी सी भी बुद्धि और जागरूकता होती तो भारत, पश्चिमी एशिया और यूरोप कॉरिडोर पाकिस्तान से होकर गुजरता और हम भी वैश्विक, पर्यटन और कनेक्टिविटी का केंद्र बनते। यह हम सभी के लिए शर्म की बात है।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'एशियाई देशों को यूरोपीय संघ की तरह एकजुट होना चाहिए। यही एशियाई लोगों की प्रगति के लिए जरूरी है। हमें एक-दूसरे से आगे निकलने की दौड़ को समाप्त कर एकजुट होने का समय आ गया है।' वहीं एक और यूजर ने लिखा, 'मुझे अब पाकिस्तानी होने के नाते शर्म महसूस हो रही है। हमारा देश बेहतर जिम्मेदारी, नेतृत्व और भविष्य डिजर्व करता है। अब समय आ गया है कि बदलाव हो और ऐसे जिम्मेदार लोग आए जो वास्तव में हमारा प्रतिनिधित्व करते हो।' एक यूजर ने भारत की तारीफकरते हुए लिखा, मुझे भारत से ईर्ष्या हो रही है, लेकिन हां भारत की सराहना करता हूं, उन्होंने कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है।

#### गांधी परिवार पर सरनेम हड़पने का आरोप

## असम के सीएम हिमंता बिस्वा बोले बताएं किस फार्मूले से बने गांधी

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कांग्रेस के गांधी परिवार पर सरनेम हड़पने का आरोप लगाया है। रविवार, 10 सितंबर को गुवाहाटी स्थित भाजपा मुख्यालय में एक कार्यक्रम के दौरान हिमंता ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से अपना सरनेम छोड़ने को कहा। उन्होंने कहा- सारे गांधी कैसे बन गए। मैंने बहुत दिन रिसर्च किया। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी किस फॉर्मूले से गांधी हैं। कांग्रेस कहती है कि भाजपा इंडिया नाम से डर गई है। कल कोई डकैत अपना नाम गांधी रख लेगा तो क्या वह साधु बन जाएगा।

भाजपा महिला मोर्चा कार्यक्रम के दौरान हिमंता ने कहा- जब वोट लेने का टाइम होता है, तब कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा करती है। उन्होंने कहा- गांधी जी ने देश को आजाद कराया और आप लोगों ने गांधी टाइटल हड़प लिया। भारत का पहला स्कैम टाइटल से शुरू हुआ। आप लोग डुप्लीकेट गांधी हैं। हिमंता बिस्वा ने आगे कहा- कांग्रेस ने इंडिया का गौरव कभी नहीं बढ़ाया है। कांग्रेस ने देश के नाम पर परिवारवाद बढ़ाने और देश को तोड़ने का काम किया।



उन्हें इंडिया बोलने का अधिकार नहीं है। भारत का नाम तो दूर-दूर तक मत लेना।

असम के सीएम हिमंता बिस्वा के बयान पर कांग्रेस ने पलटवार किया है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा- जिस तरह आपका नाम आपके पिता कैलाश नाथ सरमा से पड़ा, वैसे ही राजीव गांधी का नाम अपने पिता फिरोज गांधी से पड़ा और राहुल गांधी का अपने पिता राजीव गांधी से पड़ा।

## नक्सल गढ़ से कल निकलेगी भाजपा की पहली परिवर्तन यात्रा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भाजपा की प्रदेशव्यापी परिवर्तन यात्रा के रथ अपने लक्ष्य पथ पर निकलने सज धज कर तैयार हैं। पहली रथ यात्रा का शुभारंभ देश के गृहमंत्री अमित शाह 12 सितंबर को दंतेवाड़ा से करेंगे। जशपुर से आरंभ होने वाली दूसरी परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 15 सितंबर को जशपुर में करेंगे। बीजेपी नेताओं ने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जनता इस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए बेताब है। बता दें कि राज्य की सत्ता में वापसी के लिए बीजेपी परिवर्तन यात्रा निकाल रही है।

नेताओं ने कहा कि जन भावनाओं को विस्तार देने के लिए भाजपा परिवर्तन का शंखनाद करते हुए समृद्ध छत्तीसगढ़ का संकल्प लेकर यात्रा पर निकल रही है। भाजपा की परिवर्तन यात्रा के प्रति जनता में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। बीजेपी के सीनियर लीडर और पूर्व सीएम रमन सिंह ने बीजेपी की परिवर्तन यात्रा को लेकर कहा था कि यात्रा में मोदी सरकार के 9 साल के कार्यकाल के बारे में भी जानकरी दी जाएगी।

### हाइटेक होंगे यात्रा में शामिल रथ

बीजेपी नेताओं ने जानकारी देते हुए बताया कि परिवर्तन यात्रा के रथ आकर्षक का केंद्र होंगे। दोनों यात्राओं के रथ आधुनिक सुरक्षा उपकरणों से लैस हैं। रथ की छत पर मंच की व्यवस्था की गई है। इस मंच पर पहुंचने के लिए स्वचालित सीढ़ी की व्यवस्था की गई है। परिवर्तन यात्रा के रथ छत्तीसगढ़ की करीब 87 विधानसभा सीटों को कवर रहेंगे।




### बिलासपुर में होगा समापन

बीजेपी की परिवर्तन यात्रा का समापान बिलासपुर में होगा। बीजेपी नेताओं के अनुसार, परिवर्तन यात्रा के समापन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी शामिल हो सकते हैं। वहीं, दंतेवाड़ा से निकलने वाली यात्रा को लेकर बीजेपी ने पुलिस महानिदेशक से सुरक्षा की मांग की थी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा था कि नक्सल प्रभावित जिलों में चुनाव के दौरान सभी राजनीतिक दलों को सुरक्षा दी जाएगी।

## जले पर नमक छिड़क गई ये खूबसूरत बलाएं

श्रीकंचनपथ




भारत में ठगी का इतिहास दो सौ साल से भी ज्यादा पुराना है। ठग पहले लोगों के साथ घुलमिल जाते और फिर मौका देखकर उनकी हत्या कर उनका सबकुछ लूट लेते। इसके बाद लाशों को जमीन में गड़ा देते और खुद गायब हो जाते। 1790 में इसकी शुरुआत बहराम खां और आमिर अली नामक दो ठगों ने की। बहराम खां का नाम 936 हत्याएं करने के लिए सीरियल किलर के रूप में गिनीज बुक में भी दर्ज हुआ। ठगों के इस गिरोह का खात्मा 1835 में विलियम स्लीमैन ने किया। 1837 में 412 ठगों को फांसी दे दी गई। 1839 में बहराम खां को भी फांसी पर लटका दिया गया। लगभग एक हजार ठगों को एक टापू पर छोड़ दिया गया। कुछ को आजीवन कारावास की सजा भी हुई। स्लीमैन ने ठगी पर एक किताब भी लिखी और इसके साथ ही 'ठग' शब्द अंग्रेजी शब्दकोश में भी जुड़ गया। पर यह सब इतिहास की बातें हैं। ये ठग अपने अपराध को छिपाते थे। उस समय बिना किसी सोशल मीडिया ऐप या डिजिटल संचार साधन के ठगों ने लगभग 2000 लोगों का ग्रुप बना लिया था। इनकी अपनी कूट भाषा भी थी जो 'एंड टू एंड इक्रिप्टेड' जैसी ही थी। ठगों के अलावा इस भाषा को कोई सुन भी लेता तो समझ में कुछ नहीं आता था। पर आज के ठग ऐसे नहीं हैं। वे सुन्दर चेहरा लगाकर, मोटी कमाई के सब्जबाग दिखाकर लोगों को ग्रुप में जोड़ते हैं और फिर उनका 'चू..' काटकर गायब हो जाते हैं। पर इस बार ठगों ने जो किया है, वह ठगी के इतिहास में शायद पहली बार है। ठगों ने पहले ग्रुप बनाया। लोगों से छोटे-छोटे इंवेस्टमेंट करवाए, समय पर कमाई सहित पैसा लौटाया भी। विश्वास जीतने के बाद समूह के सदस्यों से मोटी रकम लगवाई और पोर्टल को बंद कर गायब हो गए। जाते-जाते इतना और कर गए कि ठगे गए लोगों को मुंह चिढ़ाते गए। ठगों ने एआई जनरेटेड तीन चेहरे, तीन अलग-अलग संदेशों के साथ समूह में शेयर कर दिया। इसमें तीन कृत्रिम खूबसूरत लड़कियां कृत्रिम आवाज में ही ठगे गए लोगों को बताती गईं कि वे उन्हें ठग चुकी हैं और अब गायब हो रही हैं। ठगी का शिकार हुए लोगों के पास अब केवल यही खूबसूरत चेहरे वालियों का वीडियो रह गया है जिसे वो दिन में कई-कई बार देख रहे हैं। उन्होंने पुलिस को इस घटना के बारे में बताया भी पर साथ ही यह दरख्वास्त भी की है कि उनका नाम सार्वजनिक न किया जाए। पैसा डूबा सो डूबा, कम से कम इज्जत बरकरार रहनी चाहिए। पैसे मिल गए तो ठीक वरना वे डूबी हुई रकम का गम खा लेंगे। ऐसे लोगों को गम ही खाना चाहिए। पुलिस और रिजर्व बैंक का महकमा लोगों को सायबर ठगी के बारे में बताते-समझाते थक चुका है। पर परवानों को शमा से बचाना इतना भी आसान नहीं।


हर्ष मीडिया एडवरटाईजर्स के
बढ़ते कदम....



LED SCREEN
के माध्यम से प्रचार-प्रसार के लिए
संपर्क करे

अब राजधानी रायपुर सहित
पूरे प्रदेश में....


- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- जयस्तंभ चौक, सिन्धु सदन, किरण होटल, रायपुर, जिला-रायपुर
- संदेश बन्धु बिल्डिंग परिसर, वीआईपी चौक मोड, वार्ड क्रमांक-51, तेलीबांधा, रायपुर, जिला-रायपुर
- पचपेड़ी नाका चौक, रायपुर, जिला-रायपुर
- मिलन स्वीट्स, रेलवे स्टेशन चौक, रायपुर
- नेशनल हाईवे-53, पावर हाउस रेलवे स्टेशन, भिलाई, जिला-दुर्ग
- पाटन पुल,उतई (मा. मुख्यमंत्री विधानसभा क्षेत्र), जिला-दुर्ग
- आकाशगंगा चौपाटी, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
- सिरसा गेट चौक, भिलाई-3, जिला दुर्ग
- अग्रसेन चौक, बिलासपुर, जिला - बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, टिकट काउंटर के सामने, गेट नं.-03, बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म नं.-01, गेट नं.-04, बिलासपुर
- पड़ाव चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली
- दाऊपारा चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली

Harsh Media Advertisers



Contact_-
9303289950
9131425618
9827806026

शॉप-12, प्रेस परिसर, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
शहीद भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

## संपादकीय

### जी-20 का संदेश

भारत में आयोजित जी-20 के 18वें शिखर सम्मेलन की जितनी प्रशंसा की जाए, कम होगी। जब दुनिया में दो बड़े ध्रुवों के बीच प्रत्यक्ष-परोक्ष युद्ध चल रहा हो, तब किसी वैश्विक मंच पर पूरी दुनिया की बेहतरी के लिए एक घोषणापत्र का जारी होना सुखद संकेत है। भारत को तन-मन-धन से अपने अथक प्रयासों के चलते ही यह कामयाबी मिली है। भारत की गुटनिरपेक्षता या स्वतंत्र चेतना ने भी शिखर सम्मेलन को सफल बनाया है। वैश्विक कूटनीति के मंच पर एक उत्तम आयोजक वही होता, जो मैत्री प्रयासों में अपनी ओर से कुछ जोड़कर दुनिया को रहने की बेहतर जगह बनाने की कोशिश को आगे बढ़ाता है। रविवार को जी-20 के आयोजन के समापन की घोषणा हो गई। ब्राजील में जब जी-20 का शिखर आयोजन होगा, तब भारत के आयोजन को याद किया जाएगा, सही मायने में तुलना होगी और दुनिया महसूस करेगी कि भारत के आयोजन में क्या खास था। आर्थिक सहयोग, पर्यावरण, आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष, गरीब देशों को आर्थिक मदद और जमीनी स्तर पर सहयोग के अनेक रास्ते नई दिल्ली में खुले हैं या प्रशस्त हुए हैं। भ्रष्टाचार के विरुद्ध जो घोषणाएं हुई हैं, उनसे दुनिया में बड़ा परिवर्तन संभव है। गरीब और विकासशील देशों में सुख-शांति के लिए भ्रष्ट आचरण का अंत जरूरी है। भ्रष्टाचार के खिलाफ वैश्विक सहयोग और सूचना तंत्र को मजबूत करने पर जरूरी सहमति बनी है। एक बड़ा कदम जी-20 के देशों में बेरोजगारी दूर करने के लिए उठाया गया है। अगर इन देशों में बेरोजगारों का डाटा बेस पुख्ता तौर पर बन गया, तो कायाकल्प हो जाएगा। दुनिया के सकल घरेलू उत्पाद का 85 प्रतिशत इन्हीं देशों में मौजूद है और अब तो यह प्रतिशत और बढ़ गया है, पूरा अफ्रीका जी-20 में शामिल हो गया है। एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य का नारा बुलंद करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को संयुक्त राष्ट्र सहित तमाम वैश्विक निकायों में सुधारों पर नए सिरे से जोर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि यह प्रकृति का नियम है, जो लोग समय के साथ नहीं बदलते, वे प्रासंगिकता खो देते हैं। कोई दोराय नहीं कि इस आयोजन से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्य के रूप में भारत की मांग मजबूत हुई है। इक्का-दुक्का देश ही अब भारत की राह में रोड़ा बन रहे हैं, उन्हें भी देर-सबेर हकीकत से रूबरू होना पड़ेगा। जी-20 के दौरान भारत की अध्यक्षता में यूरोप से भारत तक कॉरिडोर बनाने का जो फैसला हुआ है, वह किसी क्रांति से कम नहीं है। महत्वाकांक्षी भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) की घोषणा का स्वागत करते हुए इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने तो यहां तक कहा है कि यह हमारे इतिहास में सबसे बड़ी सहयोग परियोजना है। यह दुनिया का चेहरा बदल देगी। कुल मिलाकर, शिल्प, संस्कृति और स्वाद पर आधारित भारत का यह शिखर आयोजन दुनिया को मिलन-सद्भाव का मुखर संदेश भी है। प्रधानमंत्री ने शिखर सम्मेलन के दौरान एक प्रार्थना भी की है, स्वस्ति अस्तु विश्वस्य अर्थात संपूर्ण ब्रह्मांड में सौभाग्य हो। वास्तव में, भक्त प्रह्लाद ने नरसिंह भगवान से यह प्रार्थना की थी और भगवान से यह भी अनुरोध किया था कि भगवान उनके ईर्ष्यरलु पिता के प्रति भी दयालु बने रहें। विश्व कल्याण की इसी भावना से भारत ओत-प्रोत रहा है और जी-20 का 18वां शिखर सम्मेलन उसी दिशा में स्वर्णिम पड़ाव के रूप में याद किया जाएगा।

> “एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य का नारा बुलंद करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को संयुक्त राष्ट्र सहित तमाम वैश्विक निकायों में सुधारों पर नए सिरे से जोर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि यह प्रकृति का नियम है, जो लोग समय के साथ नहीं बदलते, वे प्रासंगिकता खो देते हैं।

## महिला कैदियों की बदहाली

आधुनिक न्याय व्यवस्था का सिद्धांत है कि सजा का मकसद अपराधियों को आत्म-ग्लानि का मौका देना और उन्हें सुधरने का पूरा अवसर उपलब्ध कराना है। बदले की भावना या क्रूरता के जरिए समाज में मिसाल कायम की सोच पुरातन या मध्य-युगीन परिपाटी है, जब तर्क एवं विवेक आधारित सभ्यता अविकसित अवस्था में थी। इसीलिए जिन देशों में आधुनिक न्याय व्यवस्था को अपनाया गया है, वहां जेलों में अधिक से अधिक मानवीय स्थिति बनाना जरूरी समझा जाता है। इस कसौटी पर भारत के अंतर्विरोध जग-जाहिर रहे हैं। सिद्धांतः अपने देश में आधुनिक न्याय व्यवस्था अपनाई गई है, लेकिन व्यवहार में हालात उलटे हैँ। महिला कैदियों के बारे में आई एक नई रिपोर्ट ने इसी धारणा की पुष्टि की है। रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि महिला कैदियों की हालत पुरुष कैदियों से कहीं ज्यादा ज़्यादा खराब है। इसमें बताया गया है कि 2014 से 2019 के बीच महिला कैदियों की संख्या 11.7 फीसदी बढ़ी। लेकिन सिर्फ 18 प्रतिशत को महिलाओं के लिए बनाई गई विशेष जेलों में जगह मिली है। 75 फीसदी महिला कैदियों को रसोई और शौचालय पुरुषों के साथ साझा करना पड़ता है। जेलों की इस खराब स्थिति की तस्वीर जस्टिस अमिताव रॉय की अध्यक्षता वाली कमेटी की रिपोर्ट में सामने आई है। 2018 में सुप्रीम कोर्ट की एक बेंच ने चिंता जताई थी कि कई राज्यों की जेलों में क्षमता से डेढ़ गुना ज़्यादा कैदी हैं। इसे मानवाधिकार हनन का गंभीर मामला बताते हुए तब कोर्ट ने यह कमेटी बनाई गई। तीन सदस्यों वाली इस कमेटी का मकसद यह जानना था कि भारतीय जेलों में क्या हालात हैं। कमेटी ने दिसंबर 2022 में अपनी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपी थी, लेकिन उसमें दिए गए निष्कर्ष अब मीडिया में आए हैं। इसके पहले एनसीआरबी की 2021 की रिपोर्ट से सामने आया था कि 21 राज्यों में महिलाओं के लिए अलग जेल तक नहीं है। उधर महिलाओं के खिलाफ जेल में हुए अपराध की शिकायते दर्ज करने की व्यवसथा सिर्फ 11 राज्यों में है। जब ये हाल हो, तो महिलाओं के लिए मासिक धर्म या गर्भावस्था में जरूरी सुविधाओं की अपेक्षा करना निराधार ही मालूम पड़ता है।

## विपक्ष अपने एजेंडे पर अड़ा रहेगा

संसद के विशेष सत्र में विपक्षी पार्टियां आसानी से केंद्र सरकार के एजेंडे पर न चर्चा होने देंगी और न प्रस्ताव मंजूर होने देंगी। कांग्रेस के संसदीय रणनीतिक समूह की बैठक के बाद कांग्रेस के संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने पार्टी का इरादा साफ कर दिया था। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियां मोदी चालीसा के लिए संसद में नहीं बैठेंगी। इसका मतलब है कि विपक्ष को भी अंदाजा है कि विशेष सत्र मोदी चालीसा के लिए आयोजित किया जा रहा है। हालांकि हो सकता है कि इसके अलावा भी कुछ हो, जिसे ऐन उसी समय सामने रख कर सरकार सबको चौंका दे। लेकिन अभी अगर सिर्फ यह मकसद है कि प्रधानमंत्री की तारीफ, अभिनंदन करना है और भविष्य की योजनाओं का संकल्प पेश करके चुनाव का एजेंडा तय करना है तो विपक्षी पार्टियां वह काम आसानी से नहीं होने देंगी।

तभी रणनीतिक समूहह की बैठक के अगले दिन कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी और नौ विषयों की एक सूची बताई, जिन पर विपक्ष चर्चा चाहता है। इसमें मुख्य मुद्दा मणिपुर का है, जहां सरकार के तमाम दावों के उलट हिंसा अब भी जारी है और लोग मारे जा रहे हैं। इतना ही नहीं घटना की रिपोर्टिंग पर एडिटर्स गिल्ड के अध्यक्ष सहित तीन सदस्यों पर खुद मुख्यमंत्री ने मुकदमा दर्ज कराया। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट ने भी हैरानी जाहिर की। विपक्ष चाहता है कि मणिपुर के साथ साथ चीन की घुसपैठ, किसानों के साथ हुए समझौते, महंगाई आदि के मुद्दों पर चर्चा हो। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के फ्लोर लीडर्स के साथ मल्लिकार्जुन खड़गे की बैठक के बाद कहा जा रहा है कि विपक्ष पहले दिन अपने एजेंडे पर चर्चा चाहेगा।

> “ भारत को एक साथ कई तल्खियों को साधना था और सबके हितों का भी ध्यान रखना था। एक ऐसा दस्तावेज तैयार करना था, जो किसी को चुभे भी न और उसमें आने से कोई बात बचे भी न। परदे के पीछे की तमाम मशक्कत के बाद भारतीय राजनयिक ऐसे घोषणापत्र को तैयार करने में कामयाब रहे, जिसमें सभी की पूरी सहमति थी। बेशक कुछ आलोचनाएं भी हो रही हैं।

# सम्मेलन की शिखर उपलब्धियां



हरजिंदर, वरिष्ठ पत्रकार

शुरुआत ही सफलता के साथ हुई। जी-20 शिखर सम्मेलन के पहले ही सत्र में इसका कुनबा बढ़ गया। अफ्रीकी संघ को स्थायी सदस्य बनाए जाने के साथ ही अब अगली बार यह जी-21 कहलाएगा। अफ्रीकी संघ के शामिल होने का अर्थ यह है कि जी-20 में अब एक ऐसा संगठन जुड़ गया है, जिसके सदस्य 55 देश हैं। यूरोपीय संघ पहले ही जी-20 का हिस्सा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब अध्यक्ष पद से इसकी घोषणा की और अफ्रीकी संघ के अध्यक्ष अजाली असौमानी को गले लगाया, तो असौमानी की प्रसन्नता देखने लायक थी। वह कोमोरोस नाम के एक छोटे से अफ्रीकी देश के राष्ट्रपति हैं। हिंद महासागर के एकदम आखिरी छोर पर बसा कोमोरोस द्वीप इतना छोटा देश है कि दुनिया के नक्शे पर उसे खोजना भी मुश्किल काम है। जी-20 के साथ जुड़े कार्यक्रमों में जिन विश्व नेताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने द्विपक्षीय वार्ता की है, उनमें असौमानी भी एक हैं।

इससे हम यह भी समझ सकते हैं कि भारत की विश्व दृष्टि में अफ्रीका की अहमियत किस कदर बढ़ रही है। यहां एक और बात का जिक्र जरूरी है कि भारत ने इस सम्मेलन में जिन गैर-सदस्य देशों को अतिथि का दर्जा दिया, उनमें नाईजीरिया भी है। यह तो खैर पूरी दुनिया ही स्वीकार कर रही है कि अफ्रीका को नजरंदाज करके विश्व अर्थव्यवस्था के भविष्य के बारे में नहीं सोचा जा सकता। जब अफ्रीकी संघ को शामिल किए जाने की खबर आ रही थी, तब किसी ने भी सोचा नहीं था कि एक और बड़ी सफलता इंतजार कर रही है। पिछले साल जब जी-20 का शिखर सम्मेलन बाली में हुआ, तब उसके घोषणापत्र को अंतिम रूप देने में इंडोनेशिया को काफी पापड़ बेलने पड़े थे। यूक्रेन से टकराव पर रूस की निंदा करने का मामला इस कदर फंस गया था कि अंतिम समय तक यही डर था कि घोषणापत्र जारी भी हो पाएगा या नहीं।

यही आशंकाएं दिल्ली घोषणापत्र को लेकर भी थीं। रूस और चीन कह रहे थे कि जी-20 एक आर्थिक मंच है, यह भौगोलिक राजनीति का मंच नहीं है, इसलिए इसमें यूक्रेन युद्ध का जिक्र होना ही नहीं चाहिए, जबकि पश्चिमी देशों का कहना था कि इस युद्ध का जिक्र ही नहीं, बल्कि इसके लिए रूस की निंदा भी जरूरी है। एक राय यह भी थी कि जी-20 भले ही आर्थिक मंच है, लेकिन युद्ध आर्थिक विकास में सबसे बड़ी बाधा बनता है, इसलिए इसका जिक्र जरूरी है। फिर कुछ चेतावनियां भी थीं कि अगर उनके पक्ष को इसमें जगह नहीं मिली, तो वे सहमति नहीं देंगे।

भारत को एक साथ कई तल्खियों को साधना था और सबके हितों का भी ध्यान रखना था। एक ऐसा दस्तावेज तैयार करना था, जो किसी को चुभे भी न और उसमें आने से कोई बात बचे भी न। परदे के पीछे की तमाम मशक्कत के बाद भारतीय राजनयिक ऐसे घोषणापत्र को तैयार करने में कामयाब रहे, जिसमें सभी की पूरी सहमति थी। बेशक कुछ आलोचनाएं भी हो रही हैं। कहा जा रहा है कि नई दिल्ली घोषणापत्र में वह तेवर नहीं है, जो बाली घोषणापत्र में था। यह आलोचना भी है कि सबको खुश करने के चक्कर में इसे चूं-चूं का मुरब्बा बना दिया गया है, मगर ऐसा घोषणापत्र संभव भी नहीं था, जिसमें तलवारें तनी दिखाई दें। अंतरराष्ट्रीय मंच सहमतियों को एकजुट करके आगे बढ़ने के लिए होते हैं। यहां असहमतियों को तूल देने का अर्थ होता है आगे बढ़ने का रास्ता रोकना। पहले ही दिन घोषणापत्र को अंतिम रूप दे दिए जाने का अर्थ यह भी था कि आगे के सत्रों में पर्यावरण जैसे मुद्दों पर बिना तनाव बात हो सकी।





इस तरह के सम्मेलनों में अपनाए गए घोषणापत्र आते हैं और चले जाते हैं। कुछ तात्कालिक चर्चा के बाद वे इतिहास का विषय बन जाते हैं। शायद यही हश्र दिल्ली घोषणापत्र का भी होगा, लेकिन यह बात हमेशा याद की जाएगी कि भारत के राजनय ने तमाम तनावों के बीच भी सहमति का खाका खींचने में बड़ी आसानी से कामयाबी हासिल कर ली।

यह भी मुमकिन है कि दिल्ली में हुए जी-20 के शिखर सम्मलेन को आगे जाकर उतना न याद किया जाए, जितना कि उसी दौरान हुए कुछ दूसरे समझौतों के लिए याद किया जाएगा। खैर, शनिवार को भारत से यूरोप तक पश्चिम एशिया होकर जाने वाले जिस आर्थिक गलियारे को घोषणा हुई, वह परियोजना बहुत महत्वाकांक्षी है। इस कॉरिडोर को बनने में लंबा वक्त लग सकता है, लेकिन यह इस रास्ते में पड़ने वाले देशों को बहुत बड़ी उम्मीद बंधाने वाली परियोजना है।

एक दशक पहले चीन ने इसी तरह की एक योजना बनाई थी, जिसे वन बेल्ट, वन रोड का नाम दिया गया था। चीन उस मार्ग को आधुनिक सड़क का रूप देना चाहता है, जिस मार्ग से कभी रेशम के कपड़े यूरोप और पूरी दुनिया में पहुंचते थे। शुरू में इस योजना को लेकर जो उत्साह था, वह पिछले कुछ समय में ठंडा पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। यह परियोजना चीन से मिलने वाले आसान आर्थिक कर्ज पर आधारित थी, लेकिन पिछले कुछ समय में चीन से आर्थिक कर्ज लेने वाले देशों का जिस तरह से दीवाला पिटा है, उसके बाद बहुत से देशों की इसमें दिलचस्पी कम हो गई है।

जी-20 सम्मेलन के दौरान जिस गलियारे की घोषणा हुई है, उसकी तह में चीन की वन बेल्ट, वन रोड परियोजना के सबक भी हैं। दुनिया के बहुत से देश उस प्राचीन मार्ग को आधुनिक रूप देना चाहते हैं, जिससे कभी भारत के मसाले यूरोप और पूरी दुनिया तक पहुंचते थे। वैसे, इसे किसी एक देश से मिली आर्थिक मदद या कर्ज के आधार पर तैयार नहीं किया जाएगा। अभी तक जो सूचना है, उसके हिसाब से इसके रास्ते में पड़ने वाले देश आर्थिक सहयोग करेंगे। हालांकि, अमेरिका इसके रास्ते में नहीं है, मगर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने जिस उत्साह से भाग लिया, वह बताता है कि अमेरिका भी इसमें अपना हित देख रहा है।

दिल्ली में जिस तरह का मजमा जुटा वैसे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों की सफलता अक्सर उनके सुचारू रूप से संपन्न हो जाने से ही आंकी जाती है। ज्यादातर वे अपनी भव्यता और तस्वीरों के लिए याद किए जाते हैं, लेकिन इस जी-20 सम्मेलन को उसकी कुछ ठोस उपलब्धियों के लिए भी याद किया जाएगा। कुछ वे उपलब्धियां, जो सम्मेलन स्थल पर मिलीं और कुछ वे, जो इस दौरान हुई दूसरी बैठकों में मिलीं।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# महिलाओं को सशक्त बनाकर ही हासिल होगी सही संपन्नता

अन्ना राय, वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार

आज के दौर में अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका सामाजिक न्याय के दायरे से कहीं अधिक व्यापक हो चुकी है। यह अब ऐसी आर्थिक अनिवार्यता बन चुकी है कि कोई भी राष्ट्र इसे नजरंदाज नहीं कर सकता। ऐसे शोधों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जो बताते हैं कि कार्यस्थल पर लैंगिक विविधता के क्या लाभ हैं? इनसे यह भी पता चलता है कि यह रचनात्मकता को प्रोत्साहित करता है, उत्पादकता बढ़ाता है और उन्नति लाता है। द इकोनॉमिस्ट ने मैकिन्जे के एक शोध द पावर ऑफ पैरिटी के हवाले से बताया है कि यदि पुरुषों के बराबर महिलाएं भी कार्यबल में भाग लेती हैं, तो राष्ट्र अपने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में पांच से लेकर 20 फीसदी तक इजाफा कर सकता है।

महिलाओं की सफलता और आर्थिक विकास में उनके योगदान का अकाट्य प्रमाण भारत में स्वयं सहायता समूहों की सफलता है। इन समूहों से ही माण देशी महिला सहकारी बैंक और स्व-रोजगार महिला संघ जैसी उपलब्धियां हमारे खाते में आई हैं। ग्रामीण महिला उद्यमियों के लिए छोटे-छोटे ऋण देने वाले इन प्रयासों ने बताया है कि महिला नेतृत्व वाले उद्यमों में परिवर्तनकारी क्षमता होती है। सवाल है, आखिर किस तरह हम सभी महिलाओं को पुरुषों के साथ आगे बढ़ने में सक्षम बना सकते हैं? जाहिर है, इसका हल बहुआयामी है, जिसमें कौशल, शिक्षा, पूंजी की उपलब्धता, नेटवर्क और मजबूत मेंटोरशिप स्ट्रैटिजी, यानी परामर्श की व्यवस्था समान रूप से महिलाओं के लिए उपलब्ध करानी होगी। हम व्यापक सामाजिक व आर्थिक विकास को आगे बढ़ाते हुए और बहुआयामी परामर्श ढांचा के माध्यम से महिलाओं की अनभिज्ञ क्षमता को उजागर कर सकते हैं।



विश्व स्तर पर महिला उद्यमियों के लिए मेंटोरशिप एक महत्वपूर्ण रणनीति के रूप में उभरी है, जिसमें उनकी विशिष्ट चुनौतियों और जरूरतों का ध्यान रखा जाता है। 'वीमेन हू टेक' ऐसी ही एक संस्था है, जो तकनीकी दुनिया में लैंगिक अंतर पाटने पर काम करती है। इसने अब तक 8,000 से अधिक स्टार्टअप को 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर पूंजी जुटाने में मदद की है। 'चेरी ब्लेयर फाउंडेशन' तो भौगोलिक सीमाओं से भी परे जा चुका है, जो 6,000 से अधिक महिलाओं को व्यावसायिक कौशल बढ़ाने में मदद दे रहा है। 'वी-कनेक्ट इंटरनेशनल' हजारों व्यवसायों के लिए वैश्विक बाजार खोलता है, तो 'टोरी बर्च फाउंडेशन' के फेलोशिप कार्यक्रम के 27 फीसदी विजेता अपनी बिक्री 10 लाख डॉलर से ज्यादा करने लगे हैं। ये सब ऐसी सोच बनाने में भी मददगार हैं, जिसने लैंगिक अंतर को पाट दिया है और नवाचार, नेतृत्व व सशक्तीकरण को प्रोत्साहित किया है। जिस तरह से तमाम देश भू-राजनीतिक चुनौतियों और आर्थिक सुधार से जूझ रहे हैं, ऐसी सोच को आत्मसात करना वैश्विक विकास में नई जान फूंक सकता है।

भारत को जी-20 की अध्यक्षता तब मिली, जब वैश्विक सुधार महामारी के प्रभाव और भू-राजनीतिक तनाव से हलकान था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तीकरण की कहानी 'महिला-नेतृत्व वाले विकास' में ढल चुकी है। भारत का यह नवोन्मेषी नजरिया अब जी-20 का हिस्सा बन चुका है। इसमें ताउम्र सलाह-मशविरा जैसी सोच भी शामिल है, जिसमें माना जाता है कि महिला उद्यमियों की जरूरतें और चुनौतियां समय के साथ बदलती रहती हैं, जिनके समाधान के लिए अनुकूल परामर्श ढांचे की दरकार है। भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान लॉन्च किया गया 'जी-20 इम्पॉवर' इसका बड़ा उदाहरण है, जो आकांक्षी महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करता है और स्थापितों का मार्गदर्शन करता है।

जाहिर है, महिलाओं के सशक्तीकरण में निवेश करना नैतिक अनिवार्यता और आर्थिक रणनीति, दोनों है। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, तमाम देशों को महिला सशक्तीकरण के साथ-साथ मेंटोरशिप में भी नवाचार, सहयोग व निवेश जारी रखना चाहिए। आर्थिक समृद्धि व सामाजिक उन्नति का मार्ग महिलाओं के योगदान से ही प्रशस्त होता है, और मार्गदर्शन इस यात्रा में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। अब इन प्रयासों को और अधिक विस्तार देने का समय है, जिससे ज्यादा से ज्यादा समावेशी और समृद्ध भविष्य की राह तैयार हो सके।

**( साथ में शैफालिका पांडा )**

# रंग और रोशनी हैपर एजेंडा कहां?

हरिशंकर व्यास

जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों पर चार हजार करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च हुए हैं। यह खर्च दिल्ली की सड़कों से लेकर अखबारों के पन्नों तक में दिखाई दे रहा है। दिल्ली में चारों तरफ रंग और रोशनी है। दिल्ली विकास प्राधिकरण की आईटीओ पर स्थित 23 मंजिला इमारत से लेकर कुतुबमीनार तक को लाल, पीले, हरे रंग की झालरों से सजाया गया है। प्रगति मैदान में बने कन्वेंशन सेंटर यानी भारत मंडपम की गुलाबी रोशनी से नहाई तस्वीरें कई दिन से अखबारों में छप रही है। सो, चारों तरफ रंग है, रोशनी हैं, ऊंची-ऊंची दिवारें हैं, पाबंदियां हैं, अखबारों में ट्रैफिक एडवाइजरी के पूरे पूरे पन्नों के विज्ञापन हैं, सुरक्षा उपायों के बारे में बड़ी बड़ी खबरें हैं और इन सबके बीच जो एक चीज नदारद है वह है इस बैठक का एजेंडा।

अखबारों में विज्ञापन देकर यह बताया गया है कि कहां कहां क्या बंद रहेगा। स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। सरकारी व निजी कार्यालय या तो बंद हैं या कर्मचारियों को घर से काम करने को कहा गया है। खबरों में यह बताया जा रहा है कि सुरक्षा के कैसे बंदोबस्त किए गए हैं। लड़ाकू विमान तैनात किए गए हैं, ड्रोन और पतंग दोनों उड़ाने पर पाबंदी है, एक लाख 30 हजार जवान तैनात किए गए हैं, केमिकल हमले से निपटने के लिए उपाय किए गए हैं, हमला होने की स्थिति में नेताओं के लिए सेफ हाउस बनाए गए हैं आदि आदि। सोचें, सुरक्षा इंतजामों की इस तरह की जानकारी कैसे मीडिया को दी जा सकती है? वैसे भी मीडिया को इसकी जानकारी देने की जरूरत भी क्या है? सेफ हाउस बना है या केमिकल हमले से निपटने के उपाय किए गए हैं यह बताने से नेताओं की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है या उनके लिए खतरा पैदा कर दिया गया है?



बहरहाल, लगातार इतनी खबरें पढ़ने और देखने के बाद एक आम आदमी का सवाल था कि जी-20 की बैठक में क्या होगा? ये नेता क्या करेंगे? यह बहुत मासूम और ईमानदार सवाल है, जिसका जवाब ज्यादा अखबारों में या मीडिया में नहीं मिल रहा है। हिंदी अखबारों में तो एजेंडे को लेकर खबर पूरी तरह से नदारद है। वहां सिर्फ तैयारियों के बारे में जानकारी दी जा रही है। कैसे दिल्ली सज रही है और कैसे दिल्ली के लोग ट्रैफिक में फंसे हैं या घरों में बंद हैं, सुरक्षा के क्या इंतजाम हैं, कौन नेता किस फाइव स्टार होटल में ठहरेगा? उनके खाने के लिए क्या क्या बनाया जा रहा है।

सोचें, क्या किसी भी सभ्य (विकसित देश में तो कतई नहीं) देश में इतने बड़े कूटनीतिक आयोजन को लेकर क्या इतनी हलकी रिपोर्टिंग हो सकती है? लेकिन भारत में हो रही है और इसलिए हो रही है क्योंकि सत्ता प्रतिष्ठान की ओर से मीडिया को यही फीड किया जा रहा है। उनको यही छापने और दिखाने के लिए दिया जा रहा है। इस तरह की खबरों के दो फायदे हैं। पहला, देश के लोगों को लगता है कि मोदीजी कितना बड़ा काम कर रहे हैं। वे नहीं होते तो ऐसा काम मुमकिन नहीं था। और दूसरा, असली एजेंडे से ध्यान भटका रहता है। लोग यह सोचते ही नहीं हैं कि इस बैठक का मकसद क्या था और क्या हासिल हुआ।

जी-20 शिखर सम्मेलन का एजेंडा- वन अर्थ, वन फैमिली और वन फ्यूचर है। दो दिन के सम्मेलन के पहले दिन यानी नौ सितंबर को पहले सत्र में वन अर्थ पर बात होगी और दूसरे सत्र में वन फैमिली पर चर्चा होगी और अगले दिन यानी 10 सितंबर को वन फ्यूचर पर चर्चा के साथ सम्मेलन का समापन होगा। लेकिन यह तो मोटी थीम है। इसमें देश के लिए क्या है और आम लोगों को क्या हासिल होने वाला है? कुछ सुधी लोगों का यह भी सवाल था कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग क्यों नहीं आ रहे हैं? इन सवालों का कोई जवाब नहीं है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जिनफिंग के बारे में सवाल को यह कह कर खारिज कर दिया कि इससे भारत पर कोई फर्क नहीं पड़ता है और पहले भी ऐसा होता रहा है। हालांकि 2012 के बाद यह पहली बार है, जब शी जिनफिंग जी-20 की किसी बैठक में शामिल नहीं हुए हैं। वे इससे पहले की हर बैठक में गए हैं और इस बार बिना कोई कारण बताए बैठक में शामिल नहीं हुए। उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन करके अपने नहीं आने की सूचना देने की भी जरूरत नहीं समझी।

सो, कुल मिला कर इस वैश्विक, कूटनीतिक आयोजन के एजेंडे और मुख्य बातों की चर्चा गौण है। इसके बजाय ऑप्टिक्स यानी दिखावे की चर्चा ज्यादा है। बहुत कम लोग जानते हैं कि जी-20 देश के अलग अलग कई मंत्रालयों की बैठक हुई, जिनके बाद साझा बयान या प्रस्ताव नहीं जारी हो सका। शिखर सम्मेलन के एजेंडे को लेकर भी गुरुग्राम से सटे आईटीसी के ग्रैंड भारत होटल में सभी सदस्य देशों के शेरपा चार दिन तक बैठक करते रहे लेकिन साझा प्रस्ताव पर सहमति नहीं बन पाई। ध्यान रहे इससे पहले जी-20 की कोई भी बैठक बिना साझा बयान के समाप्त नहीं हुई है। इसलिए भारत चाहता है कि आम सहमति से एक साझा बयान जारी हो। लेकिन चीन और रूस के अड़ेंगे की वजह से साझा बयान पर सहमति नहीं बन पा रही है। दोनों देश यूक्रेन से चल रहे युद्ध को लेकर लिखे गए पैराग्राफ से सहमत नहीं हैं।

इतना ही नहीं मसौदा दस्तावेज में जलवायु परिवर्तन को लेकर विकासशील देशों को वित्तीय मदद देने और कर्ज भुगतान को लेकर लिखी गई भाषा पर भी सहमति नहीं बन पाई है। इसके साथ ही भारत की ओर से प्रस्तावित मसौदा दस्तावेज की कई और बातों पर चीन ने असहमति जताई है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reastaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़


इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### 25.92 लाख की लागत से रामलीला मैदान में जीर्णोद्धार कार्यों का हुआ भूमिपूजन

**रायगढ़।** महापौर नगर निगम श्रीमती जानकी काटजू के मुख्य आतिथ्य में रामलीला मैदान में निर्माण और विकास कार्य के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान श्रीमती अनुपमा शाखा यादव, अनिल शुक्ला, शाखा यादव, दीपक पांडेय, अशरफ खान, रमेश भगत, संजय चौहान, श्याम साहू, चंद्रशेखर चौधरी, नारायण घोरे, रंजना पटेल, गौतम महापात्रे, रिंकी पांडेय, संजुक्ता सिंह, रिंकू केशरी, राजा शुक्ल, धीरज प्रजापति, शारदा गहलोत, विजेंद्र यादव संतोष निषाद, साकेत पांडेय, नवनिश पांडेय शामिल थे। शहरवासियों की मांग थी कि रामलीला मैदान का जीर्णोद्धार हो ताकि खेल के लिए उपयुक्त जगह मिले साथ ही मैदान की खूबसुरती भी बनी रहे। जिसके लिए कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने रामलीला मैदान के जीर्णोद्धार व समुचित विकास हेतु डीएमएफ मद से 25.92 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की है। रामलीला मैदान में पाथवे गैलरी, बाउंड्री, मिट्टी शेड टॉयलेट आदि कार्य होना है। आज भूमिपूजन के उपरांत एमआईसी सदस्य अनुपमा शाखा यादव व लोककर्म विभाग के सदस्य विकास ठेठवार द्वारा फुटबॉल खेल आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय खिलाडियों का उत्साहवर्धन भी हुआ।

### कोसरँगी रीपा में मिलेगी इकोफ्रेंडली गणेश की मूर्ति, साथ में पूजन सामग्री फ्री

**रायपुर।** रायपुर-जिले के कोसरंगी रीपा में गणेश की मूर्ति भी मिलेगी, वह भी इकोफ्रेंडली। सबसे खास बात यह है कि इसके साथ पूजा सामग्री की किट फ्री मिलेगी। यह मूर्ति सहित पूजन सामग्री की कीमत 100 रुपये से लेकर आकार के हिसाब से 20 हजार रुपये की कीमत तक है। इस पूजन सामग्री में भगवान गणेश की स्थापना के साथ उनके हवन तक सामग्री शामिल है। गणेश की मूर्ति कारीगर सन्तोष कुमार बना रहे हैं और जय माँ अन्नपूर्णा स्व सहायता समूह द्वारा पूजन सामग्री बनाई जा रही है। यह महिला समूह नवरात्रि के लिए भी पूजन सामग्री बना रही है। गौरतलब है कि कोसरंगी रीपा में हरेली त्योहार में गेड़ी भी बनाया गया था। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पहल से गांवों में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की शरुआत की गई है जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कार्य किये जा रहे हैं इससे ग्रामीणों को गांव में ही रोजगार मिल रही हैं और अच्छी आय भी हो रही है।

### विभागीय स्टालों के माध्यम से हितग्राही मूलक योजनाओं का किया गया प्रचार प्रसार

**गरियाबंद।** भारत शासन के निर्देशानुसार अपर जिला एवं सत्र न्यायालय गरियाबंद में आज नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत मे विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। इसी तारतम्य में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण आहार माह 2023 के तत्वाधान में व्यंजन एवं रंगोली प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।व्यंजन एव रंगोली प्रदर्शनी के माध्यम से स्थानीय स्तर पर उपलब्ध विभिन्न प्रकार के पौष्टिक खाद्य पदार्थों के महत्व एवं गुणवत्ता के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया।उद्यानिकी विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार के फलदार एवं उपयोगी पौधों का वितरण शिविर में आये पक्षकार लोगों को किया गया।

# विधायक देवेंद्र ने किया डोम शेड व क्रिकेट स्टेडियम का लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नगर निगम भिलाई के हुडकों में एक बड़ा भव्य सर्व सुविधा युक्त खेल मैदान बनाया गया है। लंबे समय से खाली पड़े मैदान में खिलाड़ियों के लिए बड़ी खेल सुविधा की व्यवस्था की गई है। एक सर्व सुविधा युक्त क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण किया गया है। जिसका विधायक देवेंद्र यादव ने लोकार्पण किया। इसके अलावा सर्व सुविधा युक्त डोम शेड का लोकार्पण भी किया गया है। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल, लोककर्म प्रभारी एकांश बंछोर, राजस्व प्रभारी सीजू एंथोनी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

क्षेत्र के युवाओं ने मांग की थी कि उनके खेल के लिए क्षेत्र में खाली मैदान तो है। लेकिन खेल स्टेडियम की सुविधा नहीं है। वे वर्षों से मांग कर रहे हैं। लेकिन कोई पहल नहीं होती है। इस वजह से उन्हें खेल का अभ्यास करने के लिए दूसरे जगह सेक्टर एरिया के खेल मैदान में जाना पड़ता है। क्षेत्र के युवाओं और खिलाड़ियों की मांग को देखते हुए विधायक देवेंद्र यादव ने पहल की है। हुडकों में वर्षों से खाली मैदान था।

### डेढ़ करोड़ से बना है स्टेड़ियम



जनता की मांग पर विधायक यादव ने पहल की भव्य सर्व सुविधा युक्त स्टेडियम का निर्माण किया गया। करीब 1 करोड़ 48 लाख की लागत से इस स्टेडियम को बनाया गया है। हुडकों में एक बड़ा मैदान जो सालों से उपेक्षित पड़ा था। इस मैदान का उपयोग करने और क्षेत्र के भावी खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधा देने विधायक देवेंद्र यादव ने पहल की है। लोकार्पण के साथ ही विधायक श्री यादव और महापौर नीरज पाल ने एक एक मैच भी खेला और युवाओ की क्रिकेट टीम व भावी खिलाड़ियों को बधाई दी।

### पुलिस सहायता केंद्र भी खोला गया

लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर प्रमुख रूप से दुर्ग जिला के पुलिस कप्तान सलाभ सिन्हा और एडिशनल एसपी संजय ध्रुव भी उपस्थित रहे। एसपी सिन्हा ने कहा कि मैं कुछ वर्ष पूर्व जब यहां आया था तब यहां खाली मैदान हुआ करता था, लेकिन अब यहां एक सर्वे सुविधायुक्त भव्य और बेहद आकर्षक क्रिकेट मैदान का निर्माण किया गया है, जो भावी खिलाड़ियों के भविष्य के लिए काफी लाभदायक होगा और भिलाई वासियों के लिए भी काफी हर्ष की बात है। साथी यहाँ एक पुलिस सहायता केंद्र भी खोला गया है। जिसका लोकार्पण भी किया गया। इस पुलिस सहायता केंद्र में 112 की एक गाड़ी 24 घंटे उपस्थिति रहेगी और आसपास क्षेत्र में किसी भी प्रकार की शिकायत सामाजिक तत्वों द्वारा उत्पात मचंर ,चोरी, मारपीट या किसी भी सामाजिक घटना को अंजाम देने पर तत्काल लोगों को पुलिस की मदद मिलेगी।

### खाली मैदान बना अब सुविधाजनक स्टेडियम

भावी खिलाड़ियों के भविष्य बीके लिए ताकि उन्हें अच्छे अभ्यास के लिए बेहतर खेल सुविधा उपलब्ध कराने की सफल पहल की गई। यहां खाली मैदान था,उसे भव्य सर्व सुविधा युक्त स्टेडियम बनाया गया है। खेल मैदान की मांग पूरी होने से सभी में हर्ष का माहौल है।

**देवेंद्र यादव,** विधायक भिलाई नगर

### सभी जरूरी सुविधाएं इस क्रिकेट मैदान में

निगम के इंजीनियरों ने बताया कि यह स्टेडियम काफी खास है। विधायक देवेंद्र यादव की पहल से बनाएं जा रहे इस स्टेडियम में लेडिस-जेंस व दिव्यांग के लिए अलग-अलग टॉयलेट बनाएं जा रहे है। खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग चेंजिंग रूप बनाया गया है। साथ ही यहां एक सर्व सुविधा युक्त आधुनिक जिंम भी बनाया गया है। इसके अलावा बच्चों के खेलकूद के लिए भी सुविधा होगी। बच्चों के लिए खेल-कूद की सामाग्री भी यहां लगाई जाएगी।

### कारपोरेट घास और हाई मास्क

स्टेडियम की सबसे बड़ी खासियत यहां की कारपोरेट ग्रास लगाई जा रही है। इसके अलावा यहां रात में भी खेल मैंच हो सकेंगे। इसके लिए 4 फ्लड लाइट लगाया गया है। जहां जिससे रात में भी खेल मैदान में पर्याप्त लाइट होगी। इतनी प्रकाश व्यवस्था होगी कि रात में भी खेल आयोजित किए जा सकेंगे। रातः में ही विधायक श्री यादव ने लोकार्पण किया और एक एक मैच भी खेला गया।

# प्रगति यात्राः देवेंद्र यादव ने दी कई विकास कार्यों की सौगात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव लगातार प्रगति यात्रा कर रहे हैं। बारी-बारी से पैदल-पैदल चलकर भिलाईनगर विधानसभा क्षेत्र में प्रगति यात्रा निकाल रहे हैं। जिसमें उनके साथ सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हो रहे है। इसी कड़ी में विधायक देवेन्द्र यादव 10 सितंबर को खुर्सीपार क्षेत्र के शास्त्री नगर में प्रगति यात्रा निकाली। जहां वे पैदल चलते हुए क्षेत्र के एक -एक गली मोहल्ले से होकर गुजरे। एक-एक घर में गए। लोगों से मिले।

उनका हालचाल जाना और उनकी समस्याएं भी पूछी। इस दौरान विधायक देवेन्द्र यादव ने बड़े बुजुर्गों और माताओं का चरण छू कर प्रणाम किए और आशीर्वाद लिया। लोगों से विकास कार्य को लेकर भी चर्चा की। विधायक को देख कर वार्ड के नागरिकों और महिलाओं ने उनका पुष्प हार से भव्य स्वागत किया। बारी-बारी से वार्डवासियों ने उनकी आरती उतारी और



तिलक लगाकर स्वागत किया। सभी बड़े बुजुर्गों को प्रणाम कर विधायक ने आशीर्वाद लिए। अपने घर में विधायक को देख कर लोग काफी खुश हुए। इस पूरे यात्रा के दौरान विधायक देवेंद्र यादव ने वार्डवासियों को कई सौगात भी दी है। विधायक को देख कर लोगों में काफी उत्साह का माहौल रहा। युवाओं में भी काफी क्रेज देखने को मिला। विधायक के संग फोटो खिंचवाने के लिए भी भीड़ लगती रही। इस दौरान कई बड़े वार्ड के वरिष्ठ जनो ने विधायक को शहर और उन्हें वार्ड में विकास कार्यों के लिए धन्यवाद भी दिया। तेलगू समाज के सममानित लोगों ने साउथ का गमछा पहना कर सम्मानित किया।

### विकास के लिए कर रहे हैं काम

जनता के हित और विकास के लिए लगातार हम काम कर रहे है। हर वार्ड में विकास कार्य लगातार हो रहे। खुर्सीपार और छावनी के हर वार्ड में विकास हुए है। सड़क। नाली। पानी से लेकर कई जरूरी सुविधा उपलब्ध कराई गई है। आगे भी विकास की गति इसी तेजी से जारी रहेंगे।

**देवेन्द्र यादव,** विधायक, भिलाई नगर

### इन कार्यो की दी सौगात

- केनाल रोड़ सीमेंटीकरण का भूमिपूजन किया गया।
- दुर्गा पांडाल के पास सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन किया गया।
- नीलकंठेश्वर चैतन्य समिति का भवन का भी भूमिपूजन किया गया।
- बालकनाथ बस्ती में गणेश मच का भूमिपूजन किया गया।
- सड़क 30 में गणेश मच का सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन किया गया।
- सड़क 28 में गणेश मच का सौंदर्यीकरण का भूमिपूजन किया गया।
- सड़क 29 में गणेश मच का सौंदर्यीकरण का भूमिपूजन किया गया।
- सड़क 32 में समुदायिक भवन का लोकार्पण किया गया।
- गायत्री मंदिर कलश भवन लोकार्पण किया गया।
- एमपीआर रोड में पुलिया निमार्ण भूमिपूजन किया गया।
- सड़क 27, 28 ,29 रोड डामरीकरण का भूमिपूजन किया गया।
- सड़क एनपीए में हनुमान मंदिर सेड का भूमिपूजन किया गया।

# चार दिवसीय यूथ कनेक्ट फेस्टिवल का हुआ समापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** जिला प्रशासन जशपुर द्वारा आयोजित यूथ कनेक्ट फेस्टिवल का आज समापन हो गया। इस फेस्टिवल का उदेश्य जिले को पर्यटन के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का था। जिसे लेकर जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल में से एक देशदेखा में चार दिवसीय यूथ कनेक्ट फेस्टिवल का आयोजन किया गया था। जहाँ ग्रुप एक्टिविटी संगीत सत्र के साथ कैम्पिंग, ट्रेकिंग, स्टोरी टेलिंग और भ्रमण सहित कई गतिविधियाँ यहाँ आए प्रतिभागियों द्वारा किये गये। पर्यटन स्थलों के साथ-साथ यहां की कला संस्कृति, रीति रिवाज, खान-पान और यहाँ की परंपरा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए युवाओं को आमंत्रित किया गया था। जिसमें राजस्थान, झारखंड, ओडिशा और असम सहित 11 राज्य के युवाओं की टीम प्रतिभागियों के तौर पर इस फेस्ट में हिस्सा लेने पहुंचे हुए थे।

इस दौरान आयोजन स्थल देशदेखा में वॉक, मेडिटेशन के साथ कई ग्रुप एक्टिविटी कराया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों ने जिले के कई पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। जिसमें सारूडीह चाय बागान, रानीदाह जलप्रपात, जशपुर स्थित संग्रहालय, फूडलैब सहित अन्य स्थान शामिल थे। प्रकृति के इस वरदान को दिखाने और इसे संरक्षित करने शासन-प्रशासन लगातार कार्य कर रही हैं। वही राज्य सरकार भी लोगों को पर्यटन से जोड़ने, रोजगार देने के साथ ही पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए कई आयोजन कर रहे हैं और पर्यटन से रूबरू करने का कार्य कर रहे हैं।

जशपुर में आए युवा प्रतिभागी देशदेखा सहित जशपुर की खूबसूरती, हंसीन वादियां, खूबसूरत घाटिया देखने के साथ ही जंगलों के बीच कैंप लगाकर रात बिताए। जहाँ रात्रिकालीन कैंपिंग के दौरान प्रतिभागियों ने प्रकृति के बीच रहकर उसका सौंदर्य देखा और प्रकृति और पर्यावरण को बारीकी से भी समझा। शहर से करीब 12 किमी दूर स्थित देशदेखा में सूर्यास्त के विहंगम को देखा जा सकता है। करीब 1300 फीट की उंचाई से सूर्यास्त का नजारा यहां देखना प्रकृति के साथ खुद को जोड़ने जैसा हैं।

### एलईडी वैन से किया जा रहा छत्तीसगढ़ सरकार के योजनाओं का प्रचार प्रसार

**सारंगढ़ ।** जनसंपर्क विभाग द्वारा जिलों में एलईडी प्रचार वाहन से छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार गांव गांव शहर शहर में किया जा रहा है। जिले के बरमकेला विकासखंड के ग्राम बुदेली, सराइपाली, कुम्हारी, मल्दा, लेंधरा, दमदमा, झिकीपाली, कंचनपुर में एलईडी वैन से योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया। राज्य सरकार की अक्ती तिहार का कैलेंडर, योजनाओं के पाम्पलेट आदि का वितरण भी किया गया है। यह एलईडी प्रचार वाहन जिले के सारंगढ़ और बिलाईगढ़ विकासखंड के गावों शहरों में प्रचार प्रसार करेगा। एलईडी प्रचार वाहन से राजीव गांधी किसान न्याय योजना, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, राजीव गांधी भूमिहीन खेतिहर मजदूर न्याय योजना और सुराजी योजना नरवा, गरवा, घुरवा बाड़ी का वीडियो क्लिप के माध्यम से प्रचार किया जा रहा है।

# मेहनत करने की आदत बनाये रखें - मुख्य सचिव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने रविवार की शाम को लाला जगदलपुरिया ग्रन्थालय का अवलोकन कर सभी अध्ययन करने वालों के लिए जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध करवाई व्यवस्थाओं की सराहना की। इस दौरान उन्होंने अध्ययनरत प्रतिभागियों से उनके तैयारियों के सम्बंध में चर्चाकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नव चयनित अधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें बधाई भी दी। मुख्य सचिव ने कहा कि युवाओं से मिलने से एक उत्साह की अनुभूति होती है। उन्होंने ई-क्लास में पढ़ाई कर रहे बच्चों से संस्थान द्वारा दी सुविधाओं और उनके भविष्य के लक्ष्यों के सम्बन्ध में चर्चा किए।

श्री जैन ने परिसर में स्थित युवोदय अकादमी में अध्ययनरत विद्यार्थियों से मुलाकात किए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मेहनत करने की आदत बनाये रखें। साथ ही जीवन में खेलकूद



की गतिविधियों को शामिल कर कोई भी आउटडोर खेल एक घंटा खेले जिससे एकाग्रता बढ़ाने और समझ विकसित करने में सहायता मिलती है। ग्रुप डिस्कशन को बढ़ावा दें। मुख्य सचिव ने युवोदय अकादमी के शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। मुख्य सचिव ने बच्चों को भौतिकी के सवाल पूछे और उसे विस्तृत रूप से वर्णन भी किए।

ज्ञात हो कि इस संस्था से इस वर्ष 44 बच्चों ने एनईईटी के लिए क्वालीफाई हुए हैं। इस अवसर पर कलेक्टर विजय दयाराम के. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मीणा, सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे सहित संस्थान के प्रभारी अधिकारी उपस्थित थे।


ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


CONTACT
Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### आनंदऋषि महाराज की जन्मभूमि पर आकार ले रहा 'आनंद तीर्थ स्थल'

**रायपुर ( ए )।** राष्ट्र संत आनंदऋषि महाराज की जन्मभूमि पर भव्य तीर्थ स्थल आकार ले रहा है। आनंद फाउंडेशन के ट्रस्टियों ने रविवार को लालगंगा पटवा भवन में इस तीर्थ स्थल के निर्माण से जोड़ी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जैसे आनंदऋषि महाराज में सर्वधर्म, सर्वसमाज कल्याण की भावना थी, वैसे ही यह आनंद तीर्थ स्थल सर्वधर्म तीर्थ स्थल है। जैसे ईसाईयों के लिए वैटिकन सिटी है, वैसे ही आनंद तीर्थ स्थल सभी धर्मों के लिए वैटिकन सिटी बनेगा। यहां न तो कोई पूजा होगी, न कर्मकांड और न ही अंध श्रद्धा। यहां केवल मानव सेवा होगी। यह एक विराट पावन तीर्थ के रूप में आकर लेगा। आनंद तीर्थ में सृजन होगा श्रद्धा तीर्थ, संस्कार तीर्थ, सेवा तीर्थ, अमृत तीर्थ विद्या-कला तीर्थ और संविधान तीर्थ। यहां आकार, आचार और विचार से समन्वित व्यक्ति का जीवन ही तीर्थ बन जाएगा। रायपुर श्रमण संघ के अध्यक्ष ललित पटवा ने बताया कि प्रवीण ऋषि के सानिथ्य में गुरु आनंद फाउंडेशन के संचालको ने 10 सितंबर को दोपहर 3 बजे लाल गंगा पटवा भवन में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से इस तीर्थ स्थल की जानकारी दी। इस प्रोजेक्ट के डिजाइनर महेंद्र बड़जात्या ने बताया कि यह तीर्थ स्थल आनंदऋषि महाराज की जन्मभूमि महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के चिचोंडी ग्राम में आकार ले रहा है। तीर्थ पुणे से 150 किलोमीटर दूर है। यह तीर्थ स्थल जैनियों ही नहीं, सकल जनों के लिए एक पावन तीर्थ भूमि बनने वाला है। 21 एकड़ में डेढ़ लाख वर्गफीट का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसमें गुरुचरण तीर्थ, धर्मसभा मंडल, साधु-साध्वी स्थानक, अतिथि गृह, भोजन शाला, कर्मचारी निवास, सड़क, बिजली-जल व्यवस्था आदि कार्य पूरे हो चुके हैं।

### मुख्यमंत्री ने आचार्य विनोबा भावे की जयंती पर उन्हें किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भूदान आंदोलन के प्रणेता, समाज सुधारक और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आचार्य विनोबा भावे की 11 सितंबर को जयंती पर उन्हें नमन किया है। श्री बघेल ने कहा कि आचार्य भावे ने अपना पूरा जीवन मानव सेवा और आजादी की अलख जगाने में बिता दिया। वे सामाजिक और रचनात्मक रूप से बहुत सक्रिय रहे। उन्होंने समाज में असमानता समाप्त करने का अथक प्रयास किया। श्री बघेल ने कहा कि आचार्य विनोबा भावे की शिक्षा और दर्शन हमें सहीं मार्ग दिखाते रहेंगे।

### मुख्यमंत्री ने दी पर्युषण-पर्व की शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों विशेषकर जैन धर्म के अनुयायियों को पर्युषण-पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्युषण पर्व जैन समाज का एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। यह आत्मविशुद्धि, संयम, त्याग और आत्मचेतना को विकसित करने का अवसर देता है। यह पर्व अहिंसा, दया, प्रेम की राह पर चलना सिखाता है। मान्यता है कि भगवान महावीर ने इस त्यौहार के दौरान अपनी शिक्षाएं दीं और जैन धर्म के मुख्य सिद्धांतों को प्रतिपादित किया।

### एएसआई-आरक्षक ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

**रायपुर ( ए )।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर शहर के यातायात फाफाडीह थाने में पदस्थ एएसआइ बीडी मारकंडे और आरक्षक संदीप साहू ने ड्यूटी के दौरान ईंमानदारी की मिसाल पेश की है। एक ओर जहां लोग इस मौके की तलाश में रहते हैं कि कहीं ऐसा कुछ उनके हाथ लग जाए। वहीं दूसरी ओर ऐसे भी लोग हैं जो मौके की नजाकत को तो समझते ही हैं, बल्कि अपनी ईमानदारी को भी सबसे ऊपर रखते हैं। ऐसी ही कुछ मामला राजधानी रायपु में भी देखने को मिली। दरअसल सड़क पर पड़े मिले नोटों से भरे पर्स को न केवल एएसआइ ने सुरक्षित रखा, बल्कि पर्स के मालिक की तलाश कर उसे वापस भी लौटाया।

# छत्तीसगढ़ ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्डः राजधानी में 2000 से अधिक योग साधकों ने किया सेतुबंध आसन का प्रदर्शन

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उपलब्धि पर दी शुभकामनाएं

छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा नागरिकों को स्वस्थ जीवन शैली के लिए प्रेरित करने सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ ने सेतुबंध आसन के प्रदर्शन के लिए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज करा लिया है। राजधानी रायपुर के बूढ़ापारा स्थित स्वर्गीय बलबीर जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आज प्रदेशभर से आए 2000 से अधिक योगाभ्यासियों ने तिरंगे रंग का प्रतिरूप बनाते हुए एक साथ वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए सेतुबंध आसन का सामूहिक प्रदर्शन किया।







मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस उपलब्धि पर शुभकामना संदेश में कहा है कि 'छत्तीसगढ़ जब तक करेगा योग, तब तक रहेगा निरोग'। उन्होंने कहा कि सेतुबंध आसन मन और शरीर को ब्रिज की तहत जोड़ता है। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के एशिया हेड डॉ. मनीष विश्नोई ने रिकार्ड बनने की घोषणा करते हुए छत्तीसगढ़ योग आयोग को प्रोविजनल सर्टिफिकेट प्रदान किया।

छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा लोगों को योग के महत्व के प्रति जागरूक करने और स्वस्थ जीवन शैली के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदीप शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोगों के स्वास्थ को प्राथमिकता में रखते हुए छत्तीसगढ़ योग आयोग को महती जिम्मेदारी सौंपी। इसे पूरा करते हुए आयोग द्वारा प्रदेश में लगभग 50 नियमित निःशुल्क योगाभ्यास केन्द्र शुरू किये गए हैं। सभी संभागों के योगसाधकों में प्रशिक्षण देकर गांव-गांव तक योग का प्रचार किया जा रहा है।

संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग तन, मन और धन को सुरक्षित रखता है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुसार आम नागरिकों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए उनके विधानसभी क्षेत्र के 90 प्रतिशत से अधिक वार्डों में निःशुल्क योग केन्द्र खोले गए हैं। डॉ. किरणमयी नायक ने कहा कि सभी योगसाधक 10-10 लोगों को योग सिखाएं। अगले वर्ष बड़ी संख्या में एक बार फिर सभी रिकॉर्ड बनाएंगे।

सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में सेतुबंध आसन के साथ-साथ अन्य आसनों, प्राणायामो तथा ध्यान का अभ्यास भी किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल की उपाध्यक्ष चित्ररेखा साहू, छत्तीसगढ़ योग आयोग के सदस्यगण राजेश नारा, रविन्द्र सिंह, गणेश योगी, संस्कृत विद्यामंडलम के अध्यक्ष डॉ. सुरेश शर्मा, आईजी रतनलाल डांगी, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के साधकगण सहित बड़ी संख्या में योग प्रशिक्षक और साधकगण और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

# बेकरी उद्योग से महिलाएं बढ़ रही हैं आर्थिक सशक्तिकरण की ओर

### रीपा ईटपाल में बनाए जा रहे हैं रागी बिस्किट, चॉकलेट बिस्किट, नान खटाई टोस्ट जैसे स्वादिष्ट व्यंजन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर प्रारंभ किये गए महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) से जुड़कर महिलाए आर्थिक सशक्तिकरण की ओर बढ़ रही है। इसी कड़ी में बीजापुर जिला अंतर्गत रीपा ईटपाल में मथुरा देवी 2 कोतापाल समूह की महिलाओं द्वारा मनवा बीजापुर ब्रांड के बीजावन नाम से रागी बिस्किट, चॉकलेट बिस्किट, नान खटाई टोस्ट जैसे स्वादिष्ट व्यंजन बनाए जा रहे हैं। बेकरी उद्योग से समूह की महिलाएं विगत दो माह में ही 20 हजार रूपए से भी अधिक की आमदनी अर्जित की है। महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) ईटपाल में समूह की महिलाओं को जून महीने के अंतिम सप्ताह में ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया था।

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा बेकरी खाद्य उत्पादनों की गुणवत्ता एवं स्वादिष्ट व्यंजन निर्माण के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ ही खाद्य सामग्रियों के विक्रय एवं प्रचार-प्रसार हेतु प्रति मंगलवार को कलेक्टोरेट परिसर में स्टॉल लगाया जा रहा है। जिससे जिले के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा खाद्य सामग्रियों की खरीदी की जा रही है और रीपा में बन रहे उत्पादों को बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है।

रीपा ईटपाल में मथुरा देवी 2 कोतापाल समूह से जुड़ी रीना लिंगम, अनिता लिंगम, जयश्री लिंगम, सुशीला कडियल, रजनी पुल्ला और अनिता ने मुक्त कंठ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद देते हुए कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा ईटपाल ग्राम पंचायत में रीपा केंद्र खोलना एक बहुत ही अच्छी पहल है। जिससे महिलाओं को गांव घर में ही रोजगार प्राप्त हो रहा है और यहां काम करने में अच्छा लग रहा है।

# जी-20 में आयीं फर्स्ट लेडी को बस्तर की महिलाओं की ओर से मिलेट का उपहार

### फर्स्ट लेडी ने बस्तर की महिला किसानों के मिलेट से बने लड्डू का लिया स्वाद

श्रीकंचनपथ न्यूज





**रायपुर।** बस्तर का मिलेट विशेषकर रागी से बने लड्डू जी-20 में आये राष्ट्राध्यक्षों और उनकी पत्नी को काफी भाया। अवसर था जी-20 देशों में भाग लेने वाले प्रमुखों की प्रथम महिलाओं और जीवनसाथियों को 9 सितंबर को पूसा रोड पर आईएआरआई परिसर में एक कृषि प्रदर्शनी के लिए विशेष निमंत्रण दिया गया।

छत्तीसगढ़ के बस्तर से आयी महिलाओं ने मिलेट से बनने वाले पकवानों पर विशेष तैयारियां की थी। बस्तर ज़िले के बास्तानर ब्लॉक से आयी संगीता कश्यप ने बताया कि उन्होंने मिलेट के लड्डू, रागी कुकीज, रागी चकली, कोदो-कुटकी आदि मिलेट से तैयार होने वाले पकवान बनाए थे। 'ऑस्ट्रेलिया की फर्स्ट लेडी को उन्होंने मिलेट से बनाए पकवानों की टोकरी उपहार में दी। 'फर्स्ट लेडी को बस्तर की महिलाओं ने बस्तर आने का निमंत्रण भी दिया। महिलाओं के साथ आयी 'छत्तीसगढ़ कृषि विभाग की नोडल अधिकारी रुक्मणी कोट्टम ने बताया कि पूसा में छत्तीसगढ़ कृषि विभाग द्वारा स्टाल भी लगाया गया था'। विभाग की ओर से स्टाल में बांस से बने उत्पाद जैसे सूपा, टुकनी, टोकरी, तुमा, छतरी के साथ-साथ मिलेट से बने उत्पाद भी रखें। जो कि यहां आने वाले आगंतुकों को काफी पसंद आए। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की ढोकराकला और नैचुरल डाई से बने कोसा के स्टॉल भी आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र थे।

कांकेर के दुर्गकोन्दल ब्लॉक के गोटुल मुंडा गांव के महिला समूह की निर्मला भास्कर ने बताया कि उन्होंने न्यूजीलैंड की फर्स्ट लेडी को मिलेट का बास्केट उपहार में दिया। इस बास्केट में छत्तीसगढ़ की महिला समूह द्वारा तैयार मिलेट उत्पाद थे। फर्स्ट लेडी ने उनके साथ सेल्फी भी ली। उन्होंने कहा कि वे इसे अपने घर ले जायेंगी और अपने परिवार के साथ शेयर करेंगी। निर्मला भास्कर ने कहा कि यह यादगार पल था जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

# वन अधिकार पट्टा देने में भूपेश सरकार देश में अव्वलः कांग्रेस

**रायपुर ( ए )।** भूपेश सरकार के प्रयासो से वन अधिनियम के अंतर्गत पट्टे वितरण में छत्तीसगढ़ देश में पहले नंबर पर है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि यह कांग्रेस सरकार की आम आदमी को उसका अधिकार देने के लिये प्रतिबद्धता है कि वन अधिकार पट्टा वितरण में छत्तीसगढ़ देश में अव्वल स्थान पर है। अप्रैल 2023 की स्थिति में छत्तीसगढ़ में 457145 व्यक्तिगत तथा 45965 कम्युनिटी पट्टे इस तरह कुल 503110 पट्टे वितरित किये गये। जबकि उड़ीसा में अप्रैल 2023 की स्थिति में 456003 व्यक्तिगत तथा 7810 कम्युनिटी पट्टे इस तरह कुल 463813 पट्टे वितरित किये गये। इन दोनों राज्यों के बाद देश में तीसरे नंबर का राज्य मध्यप्रदेश है जहां व्यक्तिगत एवं कम्युनिटी पट्टे मिलाकर कुल 294585 पट्टे वितरित किये गये है। पीसीसी चीफ ने कहा कि राज्य में सामुदायिक वन संसाधन पट्टों का 2018 तक रमन सरकार के द्वारा एक भी पट्टे का वितरण नहीं किया गया थ, जबकि कांग्रेस सरकार ने 4306 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार अंतर्गत 19.01 लाख हेक्टेयर वन क्षेत्र का प्रबंधन हेतु ग्राम सभा को वितरित किये जा चुके है। इसमें भी छत्तीसगढ़ देश में पहले स्थान पर है।उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती रमन सरकार आदिवासियों और वन क्षेत्रों में रहने वालो को उनका हक देने की दिशा में उदासीन थी जिसके कारण वन क्षेत्र में रहने वालो को हमेशा भय बना रहता था कि वन विभाग और सरकार उनको उजाड़ न दे। लोगो के जीवन में स्थायित्व और उनको उनका हक देने के उद्देश्य से भूपेश सरकार ने प्राथमिकता से वन अधिकार पट्टो का वितरण किया यह कांग्रेस के नेतृत्व की मंशा भी थी।

# केन्द्र सरकार ने धान उपार्जन के लिए अनिवार्य किया है बायोमेट्रिक सिस्टम

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य की विषम भौगोलिक स्थिति के चलते सुदूर एवं दुर्गम अंचलों के किसानों को बायोमेट्रिक व्यवस्था लागू होने से धान बेचने में होने वाली परेशानी को देखते हुए केन्द्र सरकार से बायोमेट्रिक सिस्टम को इस वर्ष लागू किए जाने का अनुरोध किया है। केन्द्र सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 से खाद्यान्न उपार्जन में बायोमेट्रिक सिस्टम को अनिवार्य कर दिया है। इस सिस्टम को छत्तीसगढ़ राज्य के वनांचल और पहाड़ी क्षेत्रों में सुव्यवस्थित रूप से लागू करने में होने वाली दिक्कत के चलते किसानों को समर्थन मूल्य पर धान और मक्का बेचने में परेशानी होगी।

छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा ने भारत सरकार के खाद्य सचिव को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ प्रदेश में बायोमेट्रिक आधारित खरीफ प्रणाली को लागू करने के कारण किसानों को होने वाली कठिनाईयों का उल्लेख किया है। उन्होंने कहा है कि राज्य के बस्तर एवं सरगुजा क्षेत्र के दूरस्थ एवं पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण इस इलाके के कई स्थानों पर इंटरनेट कनेक्टिविटी की सुविधा की कमी के चलते बायोमेट्रिक आधारित खाद्यान्न उपार्जन प्रणाली को लागू करने में दिक्कत होगी। खाद्य सचिव श्री वर्मा ने अपने पत्र में इस बात का भी उल्लेख किया है कि छत्तीसगढ़ राज्य में धान खरीदी के पूर्व किसानों का पंजीयन किया जाता है। पंजीयन में किसान का आधार नंबर भी होता है। किसानों की भूमि के रकबे का सत्यापन भी 'भुईयां' सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाता है। धान खरीदी के एवज में राशि का ऑनलाइन भुगतान किसानों के बैंक खातों में होता है। छत्तीसगढ़ में धान खरीदी की व्यवस्था पूरी तरह से पारदर्शी और देश में सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने भारत सरकार को खाद्य सचिव से छत्तीसगढ़ राज्य की उक्त परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए बायोमेट्रिक खरीदी सिस्टम को अनिवार्य न करने का अनुरोध किया है।

खाद्य सचिव टोपेश्वर वर्मा द्वारा 21 जुलाई 2023 को उक्त संबंध में भेजे गए पत्र के संबंध में केन्द्र सरकार से अब तक न तो सहमति मिली है न ही बायोमेट्रिक आधारित खरीदी सिस्टम में रियायत दिए जाने का भरोसा दिया गया है। धान खरीदी के लिए केन्द्र सरकार द्वारा बायोमेट्रिक सिस्टम की अनिवार्यता का अन्य कोई विकल्प न होने के कारण छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में इस प्रणाली को लागू किए जाने की प्रारंभिक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और इस संबंध में सभी कलेक्टरों को विस्तृत दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# सब्जियों के छिलके फेंकने की बजाय इन तरीकों से करें इस्तेमाल, होंगे कई फायदे



रोजाना रसोई से सब्जी के ढेर सारे छिलके निकलते हैं, जिसे अमूमन हम कूड़े वाली बाल्टी में फेंक देते हैं। हालांकि, सब्जी के छिलके को अन्य कामों में इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन जानकारी न होने के कारण ज्यादातर लोग इन्हें कूड़ेदान में फेंक देते हैं। ऐसे में आइये आज हम आपको सब्जियों के छिलके को कूड़ेदान में फेंकने की बजाय उनके इस्तेमाल करने के कुछ बेहतरीन तरीके बताते हैं।

### खीरे के छिलके

खीरे के छिलकों का इस्तेमाल कई चीजों में किया जा सकता है।अगर आपको डिटॉक्स वॉटर पसंद है, तो आप खीरे के छिलकों से इसे बना सकते हैं। इसके लिए एक जार में कुछ खीरे के छिलके और उसमें पानी डालें। इसे करीब 5 दिनों के लिए भिगोएं, फिर छिलके को हटा दें और बचे हुए पानी का सेवन करें। इसके अलावा आप चींटियों को भगाने के लिए अपने पौधों के चारों ओर खीरे के छिलके भी रख सकते हैं।

### प्याज के छिलके

प्याज के छिलकों का इस्तेमाल ऊन के लिए प्राकृतिक रंग बनाने के लिए किया जा सकता है। इसके लिए पानी में प्याज के छिलके डालकर इसे धीमी आंच पर उबालें, फिर इसमें ऊन डालें और फिर इसे सूखा लें। आप प्याज के छिलके का इस्तेमाल करके पैर की ऐंठन को भी ठीक कर सकते हैं। इसके लिए प्याज के कुछ छिलकों को पानी में 15-20 मिनट तक उबालें, फिर इसे छानकर रात को सोने से पहले चाय की तरह पीये।

### गाजर के छिलके

गाजर के छिलकों से सब्जी का स्टॉक बनाया जा सकता है। इसके लिए गाजर के छिलकों को पानी के साथ उबालें। यह फाइबर से भरपूर होता है। इसके अलावा आप इससे कुछ हेल्दी चिप्स भी बना सकते हैं। इसके लिए छिलकों पर अच्छे से मसाला डालकर इसे एयर फ्रायर में बेक करें। इसके साथ ही दरदरा पीसा हुआ गाजर के छिलके सलाद और सूप में एक घटक के रूप में अच्छी तरह से काम कर सकते हैं।

### आलू के छिलके

विशेषज्ञों का मानना है कि आलू के छिलके स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद है।यह कैंसर से बचा सकते हैं क्योंकि वे फाइटोकेमिकल्स से भरपूर होते हैं, जो शक्तिशाली एंटी-ऑक्सीडेंट के रूप में काम करते हैं। इसके अलावा यह एंटी-बैक्टीरियल और फेनोलिक यौगिकों के साथ ब्लीचिंग प्रभाव प्रदान करते हैं, इसलिए आप आलू के छिलके को अपनी त्वचा पर काले धब्बों को हल्का करने के लिए भी इस्तेमाल कर सकते हैं।




# बॉलीवुड को जरूरत है एल्विश यादव जैसे हीरो की: उर्वशी रौतेला

एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला और बिग बॉस ओटीटी 2 के विजेता एल्विश यादव हम तो दीवाने नामक एक नया म्यूजिक वीडियो लेकर आ रहे हैं। एल्विश के साथ काम करने को लेकर उर्वशी काफी खुश हैं और उन्होंने कहा कि बॉलीवुड को उनके जैसे और हीरो की जरूरत है।

उन्होंने कहा, एल्विश यादव ने हम तो दीवाने में वास्तव में शानदार काम किया है, जिससे हर कोई हैरान रह गया। मुझे लगता है कि बॉलीवुड को एल्विश जैसे हीरो की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा, पूरी शूटिंग के दौरान, मेरा ध्यान केवल उन्हीं पर था, क्योंकि मेरा मानना है कि जब हीरो बेस्ट परफॉर्म करता है, तो ऑनस्क्रीन जोड़ी के रूप में हम बेस्ट दिखते हैं। दर्शक हमें अपना प्यार और आशीर्वाद प्रदान करें। गाना का एक पोस्टर सामने आया है, जिसमें उनका अलग लुक नजर आ रहा है।

उर्वशी वाइब्रेंट रेड अनारकली सूट में बहुत खूबसूरत लग रही हैं। वहीं, चेक्ड शर्ट, ब्लैक पैंट और लेदर जैकेट में एल्विश यादव कूल और कॉन्फिडेंट वाइब्स दे रहे हैं। यह गाना 14 सितंबर को प्ले डीएम ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज होने वाला है।

# जली हुई एल्यूमिनियम कड़ाही को नई जैसी कैसे बनाएं, यह है आसान टिप्स



कड़ाही हमारे रसोई का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे हम रोज खाना पकाने के लिए प्रयोग में लाते हैं। जबकि बाकी रसोई के बर्तन आसानी से साफ हो जाते हैं लेकिन, कड़ाही को साफ करने में हमें अधिक समय लगता है। इस भाग दौड की जिंदगी में हमें कभी-कभी कड़ाही साफ करने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाता। जब हम कुछ दिनों बाद इसे साफ करने की कोशिश करते हैं, तो यह इतनी जली होती है कि साफ करना मुश्किल हो जाता है। इस समस्या से महिलाएं आए दिन जूझ रहती है। घंटो साफ करने के बाद भी जली हुई कड़ाही साफ नहीं होती है। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसी घरेलू टिप्स बताएंगे जिससे एल्यूमिनियम कड़ाही आसानी से साफ किया जा सकता है और आप अपनी कड़ाही को नया जैसे चमका सकते हैं। ये हैं कुछ तरीके।

### टमाटर का रस या चुकंदर

- कड़ाही में टमाटर का रस या चुकंदर का रस लगा दें।
- थोड़ी देर तक उसे उसी में छोड़ दें।
- फिर कड़ाही को अच्छे से साफ कर लें।

### टाटरी और नमक

- थोड़ी टाटरी को थोड़े से पानी में गरम करें।
- फिर उसमें थोड़ा नमक मिलाकर पेस्ट तैयार करें।
- इस पेस्ट को कड़ाही पर लगाकर रगड़ें।
- 15-20 मिनट बाद इसे साफ पानी से धो दें।

### बेकिंग सोडा और सिरका

- एक कप पानी में 2 चम्मच बेकिंग सोडा और 2 चम्मच सिरका मिलाएं।
- इस मिश्रण को गरम कड़ाही पर लगाएं और रगड़ें।
- फिर पानी से धो दें।

### लेमन और नमक

- एक टुकड़ा लेमन को नमक में डुबोकर कड़ाही की अंदरूनी सतह पर रगड़ें।
- थोड़ी देर बाद कड़ाही को धो दें।

### पुरानी वाइन

- कढ़ाही में थोड़ी पुरानी वाइन डालें।
- कढ़ाही को धीमी आंच पर रखें और वाइन को थोड़ा गर्म करने दें।
- जले हुए हिस्से और दाग पर स्क्रब करें।
- वाइन के एसिडिक गुण जले हुए हिस्से को ढीला कर देंगे, जिससे वह आसानी से हट जाएगा।
- उसे बाद कढ़ाही को अच्छी तरह से पानी से धो लें और सुखा लें।


# सिमरन कौर तोसे नैना मिला के नाम की लव स्टोरी के साथ टीवी पर लौटीं



टीवी एक्ट्रेस सिमरन कौर लव स्टोरी तोसे नैना मिला के का हिस्सा हैं। उन्होंने इस प्रोजेक्ट को अपनाने, इसकी यूएसपी, किस चीज ने उन्हें यह किरदार निभाने के लिए प्रेरित किया, इस बारे में बात की है। एक्ट्रेस ने कहा, यह शो दो बहनों पर केंद्रित है: एक असाधारण रूप से गोरी, सुंदर और तेजस्वी है, जबकि दूसरी बहन पारंपरिक सौंदर्य मानकों पर फिट नहीं बैठती है। मैं पूर्व बहन का चित्रण करती हूं। शादी के बाद दोनों बहनें एक ही छत के नीचे रहती हैं। शो में मैं छोटे भाई से शादी करती हूं, जबकि मेरी बहन बड़े भाई से शादी करती है। अवधारणा शानदार और लेखन उत्कृष्ट है। यह शो एक सकारात्मक संदेश देता है जो इस बात पर जोर देता है कि हम सभी अपने तरीके से सुंदर हैं। सिमरन ने कहा, मेरे किरदार का नाम हंसिनी है, और उनके घर में उनके साथ राजपरिवार की तरह व्यवहार किया जाता है। मेरे पास लेटेस्ट आउटफिट्स पहनने का अवसर है जो किरदार की सुंदरता से मेल खाते हैं। तोसे नैना मिला 7-8 महीने के अंतराल के बाद सिमरन की टीवी पर वापसी का प्रतीक है। उनका आखिरी शो अगर तुम ना होते खत्म होने के बाद वह वेब शो और फिल्मों में बिजी हो गईं।

एक्ट्रेस ने कहा, मैं अन्य माध्यमों को भी तलाशना चाहती हूं। किसी शो में मुख्य भूमिका निभाना बड़ी ज़िम्मेदारी के साथ आती है। शो की सफलता आपके परफॉर्मेंस पर निर्भर करती है। जब आपके फैंस किसी नए शो के आने के बारे में सुनते हैं तो वे खुश हो जाते हैं। आपका लक्ष्य अपने दर्शकों और फैंस को सर्वश्रेष्ठ प्रदान करना है, और आप उनका मनोरंजन करने के लिए अपना सब कुछ देने के लिए समर्पित हैं, अक्सर 100 प्रतिशत से अधिक देते हैं। सिमरन ने कहा, हम महाबलेश्वर के पास स्थित वाई के सुरम्य स्थान पर एक आउटडोर शूट के लिए गए थे, और हमारा प्राथमिक लक्ष्य क्षेत्र की लुभावनी प्राकृतिक सुंदरता को कैद करना था, जो निश्चित रूप से शो के विजुअल अपील को बढ़ाएगा। उन्होंने कहा, अभिनेता, निर्देशक, निर्माता और पूरी टीम सहित टीम के प्रत्येक सदस्य ने इस शो को जीवंत बनाने में अपना जुनून और समर्पण डाला है। शूटिंग प्रक्रिया के दौरान, कोई कसर नहीं छोड़ी जाती क्योंकि हम एक यादगार और असाधारण प्रोडक्शन बनाने का प्रयास करते हैं। एक्ट्रेस आखिरी बार अगर तुम ना होते में नजर आई थीं।

# जॉर्जिया एंड्रियानी ने सिजलिंग पिंक आउटफिट में गिराई बिजली, एक्ट्रेस की दिलकश अदाएं देख फिदा हुआ यूजर्स



बॉलीवुड एक्टर प्रोड्यूसर अरजाब खान की गर्लफ्रेंड व मॉडल जॉर्जिया एंड्रियानी सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय हैं। आए दिन एक्ट्रेस अपने ग्लैमरस अवतार से फैंस के दिलों में छाई रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से बेहद हॉट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें उनका सिजलिंग अवतार नजर आ रहा है। जॉर्जिया ने पिंक कलर का सिजलिंग आउटफिट पहना है। ग्लोइंग मेकअप के साथ एक्ट्रेस ने हेयर को लूज छोड़ा है और सेक्सी पोज दे रही हैं। मॉडल का यह किलर अवतार देख यूजर्स लट्टू हो रहे हैं और कमेंट बॉक्स पर फायर इमोजी की बरसात कर रहे हैं। जॉर्जिया सोशल मीडिया में लगातार ऐक्टिव रहती हैं और उनकी ग्लैमरस तस्वीरें अक्सर लोगों का ध्यान खींचती हैं। जॉर्जिया जल्द ही अब तेलुगु फिल्म मार्टिन में आइटम डांस के साथ डेब्यू करने जा रही हैं।

हाल में जॉर्जिया एंड्रियानी बॉलीवुड फिल्म नॉन-स्टॉप धमाल में एक शानदार आइटम नंबर दिल के अंदर परफॉर्म करती नजर आई थीं। अब तेलुगु-हिंदी में बन रही फिल्म मार्टिन में वह साउथ के एक्टर ध्रुव सरजा के साथ नजर आएंगी। इमरान सरदारिया द्वारा कोरियोग्राफ किए गए इस गाने में जॉर्जिया के साथ ध्रुव सरजा हैं हैं। ध्रुव कन्नड़ सिनेमा के सितारें हैं, जो मार्टिन में लीड रोल कर रहे हैं। पिछले दिनों ध्रुव और जॉर्जिया पर यह डांस शूट हुआ है। उनके साथ लगभग 350 विदेशी डांसर शामिल थे। गाने का बजट करीब 3.5 करोड़ रुपये था। फिल्म का निर्देशन एपी अर्जुन कर रहे हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता

बेन्टेक्स एवं ग्रहरल उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने सेहत बाजार मिलेट कैफे का किया अवलोकन

**रायपुर।** मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन अमिताभ जैन ने रविवार को जगदलपुर के दलपत सागर आइलैंड के समीप स्थित सेहत बाजार मिलेट कैफे का अवलोकन किया। वहीं उन्होंने बस्तर के पारंपरिक लघु धान्य फसल कोदो-कुटकी एवं रागी से बने व्यंजनों के बारे में जानकारी ली और रागी से निर्मित डोसा, बड़ा एवं पिज्जा का लुत्फ उठाया। उन्होंने इन व्यंजनों के स्वाद की बहुत तारीफ की। श्री जैन ने मिलेट कैफे संचालन करने वाले मोम्स फूड के सदस्यों से रूबरू चर्चा करते हुए, उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर कलेक्टर विजय दयाराम के. ने जिले में मिलेट मिशन के अंतर्गत मिलेट फसलों की खेती सहित मिलेट उत्पादों के सम्बंध में विस्तारपूर्वक अवगत कराया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मीणा, जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त हरेश मण्डावी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों के राजीनामा के आधार पर हुआ प्रकरणों का निपटारा

**रायगढ़।** नेशनल लोक अदालत जो वर्चुअल एवं फिजिकल दोनों माध्यमों से जिला न्यायालय रायगढ़ सहित तहसील न्यायालय सारंगढ़, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, खरसिया तथा बिलाईगढ़ एवं भटगांव में आयोजित किया गया। जिला मुख्यालय रायगढ़ के न्यायालयीन परिसर में जिला न्यायाधीश अरविन्द कुमार सिन्हा के द्वारा सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलित कर तथा माता सरस्वती, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर नेशनल लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, समस्त अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तथा अन्य समस्त न्यायाधीशगण सहित जिला अधिवक्ता संघ से प्रशासक/अध्यक्ष श्री सत्येन्द्र सिंह, अधिवक्तागण तथा राजीनामा हेतु उपस्थित पक्षकारगण, न्यायालयीन एवं विधिक स्टॉफ उपस्थित रहे। जिला एवं तहसील न्यायालयों को मिलाकर कुल 24 खण्डपीठों का गठन किया गया। श्रम न्यायालय एवं किशोर न्याय बोर्ड का भी खण्डपीठ गठन किया गया। जिला रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ के राजस्व न्यायालयों में भी खण्डपीठों का गठन किया गया। जिला एवं तहसील न्यायालयों में विभिन्न प्रकृति के राजीनामा योग्य मामले जैसे-मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक वसूली के प्रकरण, आपराधिक मामले, विद्युत मामले, श्रम विवाद, पारिवारिक विवाद, चेक अनादरण, सिविल मामले के साथ-साथ आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 एवं अन्य छोटे अपराधों के मामले, जिसमें यातायात उल्लंघन के मामलों को भी शामिल करते हुए खण्डपीठों में लंबित प्रकरण 2971 एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरण 21741 को राजीनामा के आधार पर निराकरण हेतु लोक अदालत में रखा गया। रखे गये कुल 24712 प्रकरणों में से लंबित 2067 एवं प्रीलिटिगेशन 14350 प्रकरण निराकृत हुये।

### अनदेखे सपने को मिली मूर्तरूप : प्रधानमंत्री आवास योजना से फुलजेंस टोप्पो की बदली दुनिया

**जशपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ जिले हर एक पात्र हितग्राहियों को दिया जा रहा हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना आर्थिक रूप से कमजोर हितग्राहियों के सपन पूरा हो रहा है योजना से गांव की झोपड़ी में रहने वाले अनेक परिवारों का पक्का मकान बन रहा है। इसी कड़ी में जिले के सबसे दुर्गम विकास खण्ड मनोरा के ग्राम पंचायत पोड़ीपटकोना निवासी फुलजेन्स टोप्पो के पक्के मकान में रहने का सपना पूरा हुआ है। फुलजेन्स टोप्पो अपने छोटे से कच्चे एवं जर्जर मकान में परिवार के साथ मजदूरी एवं कृषि कार्य कर परिवार का पालन पोषण करते थे। बरसात के मौसम में छत से टपकते हुए पानी को देखकर उनके आंखों में आंसू आ जाता और सोचते कि काश मेरा भी घर पक्का होता लेकिन इस महंगाई में पक्का घर बनाना असंभव सा लग रहा था। ऐसे में वर्ष 2019-20 शासन द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण योजनांतर्गत फुलजेंस टोप्पो का चयन किया गया। उन्हे यकीन नहीं था कि उनका स्वयं का एक पक्का मकान होगा लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने असंभव सा लगने वाला कार्य को भी संभव कर दिखाया और आज उनका स्वयं का पक्का आवास बन चुका है। फुलजेंस परिवार के साथ पक्के मकान में खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे हैं इससे उनकी कच्चे जर्जर मकान की प्रति वर्ष मरम्मत की चुनौती एवं आर्थिक क्षति खत्म हो गयी जिससे उनके परिवार का आर्थिक स्थिति भी सुदृण हुई। प्रधानमंत्री आवास के स्वीकृति से लेकर आवास पूर्ण कराने में जनपद पंचायत मनोरा एवं ग्राम पंचायत की अहम भूमिका रही। जिससे फुलजेंस टोप्पो के अनदेखे सपने को मूर्त रूप दिया जा सका।

# गौपालन न केवल हमारी धार्मिक आस्था से बल्कि अर्थव्यवस्था से भी जुड़ा है:मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में जिला नगर कोसरिया यादव महासभा राजनांदगांव द्वारा आयोजित श्री कृष्ण जनमाष्टमी महोत्सव एवं शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री का खुमरी पहनाकर पारंपरिक रूप से अभिनंदन किया गया। समारोह में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस अवसर पर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने समाज के नवपदस्थ पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।




उन्होंने कहा कि यादव समाज मेहनतकश समाज है और हमेशा गौमाता की सेवा करते आए हैं। भगवान श्री कृष्ण ने जो राह बताई है, उसका अनुकरण करते हुए आज भी चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि गौपालन न केवल हमारी धार्मिक आस्था से बल्कि अर्थव्यवस्था से भी जुड़ा हुआ है। खेती-किसानी से जुड़े होने के कारण गौपालन का विशेष महत्व रहा है। वर्तमान समय में औद्योगिकीकरण के कारण परिस्थिति बदली है। शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी की जा रही है। इस योजना से एक ओर गौ सेवा तो हुई है, वहीं गौपालकों ने 2 लाख रूपए तक के गोबर की बिक्री की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 10 हजार से अधिक गौठान है, जिनमें से 6 हजार गौठान स्वावलंबी हो गए है। गौठान समिति के माध्यम से गौठान धीरे-धीरे स्वावलंबी बनते जा रहे है और यह व्यवस्था हमेशा चलती रहेगी। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही गौमूत्र की खरीदी भी की जा रही है, जिससे जीवामृत एवं कीटनाशक बनाए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि खेती-किसानी में फसल का उत्पादन बढ़ा है और खेती-किसानी वर्तमान समय में लाभ का व्यवसाय बन गया है। शासन द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीसरी किस्त दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की खरीदी की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोदो, कुटकी, रागी एवं अन्य मिलेट्स की भी समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा प्रत्येक नगर निगम एवं नगर पंचायत में कृष्ण कुंज का निर्माण किया जा रहा है। जहां पारंपरिक महत्व के पीपल, बरगद एवं अन्य पौधे लगाए जा रहे हैं, ताकि जनसामान्य का जुड़ाव पेड़-पौधे एवं प्रकृति से रहे और वे इसके महत्व से परिचित हो सकें। शासन द्वारा छत्तीसगढ़ की संस्कृति को सहेजने का कार्य किया गया है। हरेली, तीजा, विश्व आदिवासी दिवस, कर्मा जयंती, छेरछेरा पुन्नी जैसे अवसरों पर शासकीय अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि भगवान राम हमारे भांजा है। छत्तीसगढ़ में राम वन गमन पर्यटन परिपथ बनाया गया है। उन्होंने कहा कि स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के माध्यम से बच्चों को अंग्रेजी में शिक्षा दी जा रही है। वहीं मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना के तहत जनसामान्य को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी का समग्र विकास करते हुए प्रदेश को आगे बढ़ाना है।

छत्तीसगढ़ प्रांतीय कोसरिया यादव समाज के अध्यक्ष राधेलाल यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि शासन द्वारा नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी योजना और गोधन न्याय योजना से समाज को बहुत फायदा मिल रहा है। जिला अध्यक्ष कोसरिया यादव समाज महासमुंद विनोद यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं परंपराओं को सहेजने का कार्य किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिले के सर्वाधिक गोबर बेचने वाले 4 गौपालकों और फसल चराई से बचाने के लिए रोका-छेका अभियान में सर्वाधित सहयोग करने वाले 12 चरवाहों को शाल-श्रीफल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

## कोसा कीटपालन बना जीवन यापन का प्रमुख साधन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय से लगभग 55-60 किलोमीटर की दूरी पर स्थित बसे ग्राम बन्दरचुवा में शासकीय कोसा बीज केन्द्र स्थापित किया गया है यह क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, इसी केन्द्र के अन्तर्गत विकास खण्ड-बगीचा के ग्राम भितघरा में लगभग 20 हेक्टेयर में साजा, अर्जुन पौधरोपण किया गया है। यह क्षेत्र अति पिछड़ा होने के कारण विभाग द्वारा आदिवासियों के उत्थान एवं रोजगार मूलक कार्य हेतु रेशम उत्पादन का कार्य प्रारम्भ किया गया है।

ग्राम भितघरा के निवासी बरनाबस तिग्गा पिता अलबिस तिग्गा जो कि इनके के द्वारा कोसा पालन कार्य किया जाता है इनका पांच सदस्यों का ग्रुप है इनके द्वारा जानकारी मिला कि वर्तमान में कोसा उत्पादन कार्य में सतुष्ट है एवं बताया कि गरीब परिस्थिति व पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण अपना सपना पुरा नही कर पाते थे छोटी-मोटी जरूरतों पर दुसरों के आगे हाथ फैलाना पड़ता था। कृषि भूमि भी कम होने के कारण अनाज का भी उत्पादन ज्यादा नहीं हो पाता था परन्तु रेशम विभाग से जुड़कर हमारी आर्थिक स्थिति मजबुत हो गई है खेती किसानी के अलावा अतिरिक्त आय अर्जित कर पाते हैं। हमारी वार्षिक आय प्रत्येक व्यक्ति का लगभग राशि 90 हजार से1 लाख तक हो जाती है जिससे अपने बच्चों को अच्छे स्कूलों में शिक्षा दिला रहे तथा किसी प्रकार का जरूरतों को पुरा कर पाता हूँ। परिवार के साथ खुशहाल जीवन यापन कर रहे हैं। बरनाबस तिग्गा ने बताया कि हमारा ग्रुप को सीएसबी (सेंट्रल सिल्क बोर्ड) अंबिकापुर से प्राप्त होता है तथा कोसा उत्पादन होने के बाद उन्हीं के द्वारा कोसा फल क्रय किया जाता है एवं प्रथम फसल में सी ग्रेड का कोसा उत्पादन होता है तथा द्वितीय फसल में बी ग्रेड का कोसा फल उत्पादन होता है।

## समूह की महिलायें अपने जीवनस्तर में सुधार कर अपनी किस्मत बदल रही

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद।** यह एक महिला समूह की उनकी मेहनत और संघर्ष की कहानी है। यह कहानी किसी खास समूह के बारे में नहीं है, लेकिन ऐसे कई समूह हैं जिसमें महिलाएं एक साथ लोहे की तार जाली (तार फेंसिंग नेट्स) का निर्माण कर रही है। महासमुंद विकासखंड के ग्रामीण अंचल की महिलाएं स्वसहायता समूह से जुड़कर सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान की मिसाल कायम कर रही है। बिहान योजना से जुड़ी महिलायें विभिन्न आजीविका को अपने रोजगार का साधन बना रही है। ग्राम पंचायत शेर की सुआ महिला स्वसहायता समूह की महिलायें तार जाली का निर्माण कर खेत-खलिहानों व बागड़ काम में आने वाली विभिन्न प्रकार की लोहे के तार की जाली का निर्माण कर रही। बिहान योजना से जुड़ी महिलायें विभिन्न आजीविका को अपने रोजगार का साधन बना रही है।

स्व सहायता समूह की महिलाओं के जज्बे के आगे अब लोहा भी नतमस्तक होता प्रतीत होता है। जब महिलाएं अपने कोमल हाथों से अपनी और परिवार की अच्छी परवरिश आजीविका के रूप में फेंसिंग तार जाली का निर्माण कर रही है। इस समूह के द्वारा अब तक 2000 बंडल तार जाली का निर्माण कर लिया गया है, जिसको सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं में विक्रय कर लगभग 6 लाख का आय प्राप्त कर चुकी है। समूह की अध्यक्ष श्रीमती दिव्या नायक बताती है कि समूह में जुड़ने से पहले किसी दूसरे के यहां तार जाली बनाने का कार्य करने जाती थी। तक़रीबन दो साल पहले बिहान अंतर्गत समूह से जुड़ने हेतु प्रेरित किया गया और समूह से जुड़ कर महिलाएं कैसे आत्मनिर्भर बन सकती है कैसे खुद का स्वयं व्यवसाय कर सकती है सबकी जानकारी मिली। हम सब 11 महिलाएं मिलकर, सुआ महिला स्वसहायता समूह का गठन किया। गठन उपरांत समूह को आरएफ की राशि 15000 रूपये अनुदान के रूप में प्रदाय किया गया साथ ही 2 लाख का ऋण भी समूह को प्रदाय किया गया। अन्य के यहां से तारजाली कार्य सीखने के बाद स्वयं का तार जाली बनाने का काम शुरू किया। प्राप्त ऋण से मशीन और संबंधित सामग्री खरीदी और उत्पादन करना शुरू किया। बिहान योजना से मिले सहयोग की वजह से आज हम सब बहने आत्मनिर्भर बने है।

# पशुधन को बढ़ावा देने वाली योजनाओं की वजह से प्रदेश में बढ़ा दूध उत्पादन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कृषि के साथ ही पशुधन को बढ़ावा देने की शासन की नीतियों की वजह से प्रदेश में दूध उत्पादन तेजी से बढ़ा है। पशुपालन को बढ़ावा देने से खेती किसानी की तरक्की होती है और किसानों की तरक्की पर ही व्यापार-व्यवसाय की तरक्की निर्भर है। छत्तीसगढ़ में ग्रामीण विकास की नवाचारी योजनाओं और इनके क्रियान्वयन से आर्थिक विकास का बेहतर माहौल तैयार हुआ है।




यह बात मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिला मुख्यालय दुर्ग के पुराना बस स्टैंड में कोसरिया यादव महासभा द्वारा आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम में अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने समाज के सदस्यों को जनमाष्टमी की बधाई दी। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण यादव समाज के आराध्य हैं। समाज द्वारा आज श्रीकृष्ण जनमाष्टमी के अवसर पर सुंदर शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। भगवान कृष्ण के विभिन्न रूपों में हम दर्शन करते हैं। उनसे प्रेरणा ग्रहण करते हैं। छत्तीसगढ़ में हमारा उद्देश्य सभी समाजों को बढ़ावा देना है। प्रदेश के निर्माण में सभी समाजों की भागीदारी हो। सभी समाज अपने रचनात्मक कार्यो से प्रदेश को आगे बढ़ाने में हिस्सा दें इसके लिए हमने विभिन्न समाजों को बाजार भाव से काफी कम दाम पर माँग अनुरूप भूमि उपलब्ध कराने का निश्चय किया। इसका लाभ बहुत से समाजों ने उठाया है। समाजों द्वारा इस तरह भूमि क्रय कर लेने पर उन्हें भवन बनाने यथासंभव राशि भी प्रदान की गई है। इससे सामाजिकजनों को काफी लाभ हुआ है। शादी-ब्याह तथा अन्य आयोजनों में इन समाजों को सस्ते दरों में भवन मिल पा रहा है। रचनात्मक आयोजनों के लिए समाज को बेहतर जगह मिल पा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यादव समाज की ओर से भी ऐसी माँग आई है। वे कलेक्ट्रेट में इसके लिए आवेदन कर लें। जमीन मिलने पर भवन के लिए सरकार द्वारा राशि उपलब्ध करा दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि सरकार द्वारा रोजगार सृजन के लिए भी बड़े पैमाने पर कार्य किये गये हैं। सरकारी सेवाओं में नियुक्तियों के साथ ही कौशल विकास पर भी हमारा जोर रहा है। रीपा आदि के माध्यम से उद्यमशील युवाओं के लिए उद्यम के अवसर पैदा हुए हैं।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शोभा यात्रा में शामिल लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कोसरिया यादव समाज दुर्ग के अध्यक्ष श्री बोधन यादव ने स्वागत भाषण में समाज की विभिन्न मांगों की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट किया।

# जिले में गिरते भू-जल स्तर हेतु जल संवर्धन का काम तेजी से हो रहा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद।** दुर्लभ वस्तु की सुलभ प्राप्ति और सुलभ वस्तु की दुर्लभ प्राप्ति ही वस्तु का मूल्य तय करती है। यह युक्ति पानी पर बिल्कुल सही बैठती है। आज हम इसे सुलभ समझकर जिस तरह इसका दुरूपयोग दोहन कर रहे है। जब जल हमें इतनी सुलभता से नहीं मिलेगा तब शायद इसकी अहमियत का पता चलेगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पानी के दुर्लभ प्राप्ति को समय रहते जान लिया। इसके लिए उन्होंने छत्तीसगढ़ के चार चिन्हारी नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी जैसी महत्वकांक्षी योजना लागू की। इससे ग्रामीण की आर्थिक-सामाजिक स्थिति में पहले से और अधिक सुधार हो रहा है।



महासमुन्द जिले में गिरते भू-जल स्तर हेतु जल संवर्धन का काम तेजी से हो रहा है। नरवा कार्यक्रम के तहत् पिछले पौने पाँच साल में नदी-नालों के पुनर्रोद्धार के काम किए गए है। जिले में गौठानों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। वहीं नालों के बधान का लक्ष्य भी दिया गया है। इस योजना के तहत मनरेगा से 2019-20 में 21 नरवा के उपचार से 1694 से अधिक हितग्राहियों को खरीफ फसल के साथ ही रबी फसलों के लिए पानी मिल रहा है। पहले बहुत मुश्किल सितम्बर माह तक बहने वाले नरवा के ड्रनेज ट्रीटमेंट और केंचमेंट एरिया ट्रीटमेंट के बाद अब माह नवम्बर तक बह रहा है। नरवा के पुनर्जीवन के लिए किए गए योजनाबद्ध कार्यों ने किसानों की खुशहाली और समृद्धि का रास्ता खोल दिया है। खेती-किसानी को मजबूती मिल रही है। महासमुंद के 40 नालों में संरचानाओं का निर्माण जारी है।

छत्तीसगढ़ शासन महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी के तहत वन परिक्षेत्र बागबाहरा अंतर्गत मचका नाला में नरवा विकास कार्य कराया गया है, ''मचका नाला'' का उद्गम महासमुन्द जिला के बागबाहरा तहसील के अंतर्गत 3 किमी. की दूरी पर स्थित ग्राम आमगांव से हुआ है। जिसमें मचका नाला की जल प्रवाह की दिशा दक्षिण से पूर्व की ओर है, जो आमगांव से सिर्री, पठारीमुड़ा, लमकेनी, तिलाईदार, सरायपाली, मोंगरापाली आदि ग्रामों के वनक्षेत्र से होकर बहता है, एवं जोकं नदी में जाकर मिलती है। ''मचका नाला'' के किनारे बहुत सारे राजस्व ग्राम है, उक्त संबंधित वन क्षेत्रों में नरवा विकास योजना से सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, भूमिगत जल के सवं र्धन व मृदा सरं क्षण से जल सरंक्षण के क्षेत्रों में नरवा विकास योजना कृषकों ग्रामीणों व वन में रहने वाले अन्य वन्यप्राणी, जीव जन्तु के लिए वरदान साबित हुआ है।

### परियोजना विभाग द्वारा सुरक्षा सजगता पुरस्कार समारोह का आयोजन

**भिलाई।** बीएसपी के परियोजना विभाग द्वारा दिनांक 09 सितम्बर 2023 को प्रोजेक्ट एक्सपांशन भवन के सभागार में आयोजित समारोह में परियोजना कार्यों में कार्यरत ठेका श्रमिकों को सुरक्षा सजगता पुरस्कार प्रदान किये गए। इस कार्यक्रम में 05 महिला श्रमिकों सहित कुल 21 श्रमिकों को सुरक्षा पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेशक सुब्रत मुखोपाध्याय उपस्थित रहे। मुखोपाध्याय ने परियोजना कार्यों में सुरक्षा सजगता के कार्यक्रमों पर प्रसन्नता व्यक्त की एवं उपस्थित श्रमिकों से सुरक्षा के सभी नियमों का पालन करते हुए कार्य करने का आव्हान किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक राजीव श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक अनुराग उपाध्याय, परियोजना विभाग के सभी अधिकारी/कर्मचारी एवं ठेका श्रमिक उपस्थित रहे।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर

### बैंक में पहले से बंधक फ्लैट को बेचने के नाम पर 15 लाख की धोखाधड़ी, अपराध दर्ज

**रायपुर (ए)।** राजधानी रायपुर में बैंक में बंधक फ्लैट को बेचने के नाम पर 15 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। टिकरापारा थाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ अपराध कायम कर जांच शुरू कर दी है।

दरअसल, बूढ़ापारा निवासी कल्पेश रायचुरा ने थाने में धाखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। प्रार्थी ने बताया कि विकास वसंत की टिकरापारा संतोषी नगर चौक में टाइल्स की दुकान थी। गुजराती होने के कारण कुछ समय पूर्व उससे परिचय हुआ था। प्रार्थी को मकान की आवश्यकता थी। इसको लेकर विकास वसंत से भी चर्चा की गई थी। विकास वसंत ने बताया था कि उसके पास ऋषभ रेसिडेंसी न्यू राजेंद्र नगर में फ्लैट है, जिसको वह बेचना चाहता है। विकास वसंत के फ्लैट को देखने के लिए प्रार्थी अपने भाई हितेश रायचुरा के साथ गया। दोनों भाई को फ्लैट पसंद आ गया। ऋषभ रेसिडेंसी में विकास ने अपनी पत्नी रीना पंसारी वसंत से मुलाकात करवाई थी। उसने बताया कि वह फ्लैट उसकी पत्नी के नाम पर ही है। फ्लैट का सौदा 36 लाख रुपये में तय हुआ। इसके बाद पहले चेक के माध्यम से चार लाख रुपये दे दिए। छह माह में फ्लैट की रजिस्ट्री करवाने की बात कही गई। समय-समय पर विकास वसंत को पैसा देते रहने की बात कही गई। प्रार्थी ने अलग-अलग किश्तों में कुल 15 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद यह तय हुआ कि बचे हुए 21 लाख रुपये रजिस्ट्री के पहले बैंक से फाइनेंस कराकर दे देंगे। जब बैंक से फाइनेंस कराने के लिए फ्लैट के पेपर की जरूरत पड़ी तो विकास और उसकी पत्नी से फ्लैट के पेपर की मांग की गई। दोनों बार-बार घूमाते रहे। प्रार्थी ने जब फ्लैट के बारे में पता किया तो, फ्लैट पहले से बैंक में बंधक होने की बात सामने आई।

### रायपुर से तीन चाकूबाज गिरफ्तार: हाथों में लहराते हुए लोगों के बीच डर फैला रहे थे, पुलिस नें घेरकर किया अरेस्ट

**रायपुर (ए)।** रविवार को रायपुर पुलिस ने तीन चाकूबाजों को गिरफ्तार किया है। ये चाकूबाज शहर के दो अलग-अलग थानों से गिरफ्तार किए गए हैं। जिनमें गोल बाजार और गंज थाना है। पहला आरोपी शास्त्री बाजार दुर्गा मंदिर के पास एक धारदार चाकू लेकर लोगों को सरेआम डरा धमका रहा था। पुलिस को इसकी जैसे ही सूचना मिली गोल बाजार थाना की टीम को रवाना किया गया। उन्होंने मौके में पहुंचकर आरोपी बादल पांदरे को गिरफ्तार कर लिया। इसके खिलाफ थाना में लूट और चोरी को लेकर 10 अपराध दर्ज है। दूसरे आरोपी को गंज थाना पुलिस ने 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी तेलघानी नाका चौक के पास से गुजर रहे थे। तभी पुलिस चेकिंग में आरोपियों के पास से 2 चाकू निकल गया। जो वो अवैध रूप से लेकर घूम रहे थे। पुलिस ने आरोपी रवि बघेल और गब्बर निषाद को तत्काल मौके से गिरफ्तार कर लिया है।

# कोचिंग संचालिका की हत्या के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास

## 6 साल पुराना मामला, कोचिंग संचालिका शारीरिक संबंध बनाना चाहती इसलिए हुई हत्या

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग जिले के भिलाई में 6 साल पहले हुई हत्या के मामले में जिला एवं सत्र न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सिविक सेंटर स्थित शिवा कोचिंग सेंटर संचालिका की उसके ही स्टूडेंट व पेइंग गेस्ट मनीष यादव ने हत्या कर दी थी। पुलिस जांच में यह बात सामने आई कि आरोपी मनीष यादव से कोचिंग संचालिका शारीरिक संबंध बनाना चाहती थी जिसके लिए उसने मना किया तो उसने रेप केस में फंसाने की धमकी दी। इसी वजह से मनीष यादव ने उसकी हत्या कर दी। इस मामले में कोर्ट ने आरोप सिद्ध होने पर आरोपी मनीष यादव को आजीवन कारावास और एक हजार का अर्थदंड की सजा सुनाई है।



बता दें यह पूरा मामला छह साल पहले अक्टूबर 2017 का है। भिलाई नगर थाना में रुआबांधा सेक्टर निवासी जसविंदर सिंह ने अपनी पत्नी कुलदीप कौर की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कुलदीप कौर भिलाई के सिविक सेंटर स्थित शिवा कोचिंग में मैनेजर पद पर कार्यरत थी। शिकायत कर्ता ने बताया कि कोचिंग जाने के लिए वह अपनी कार से निकली, लेकिन देर रात तक घर वापस नहीं आई। सूचना के आधार पर पुलिस ने अपनी जांच प्रारंभ की। इसके बाद मृतका व मनीष यादव का मोबाइल लोकेशन ट्रेस किया जो घटना के समय एक ही जगह का पाया गया।

### कोचिंग करने आया था भिलाई

इसके बाद पुलिस ने मनीष यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की तो उसने सारी सच्चाई बताई। मनीष यादव ने बताया कि कुलदीप कौर उसे ब्लैकमेल कर रही थी और शरीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर कर रही थी। मनीष यादव ने बताया वह कोचिंग करने भिलाई आया और सिविक सेंटर स्थित शिवा कोचिंग में एडमिशन लिया था। मनीष यादव कुलदीप कौर के घर में पेइंग गेस्ट के तौर पर रहता था। इसी बीच दोनों की जान-पहचान हुई थी और एक-दूसरे करीब आ गए।

### ब्लैकमेल करने पर कर दी हत्या

पढ़ाई पूरी करने के बाद मनीष अंबिकापुर वापस चला गया, लेकिन मनीष बीच-बीच में कुलदीप कौर से मिलने भिलाई आता था। 14 अक्टूबर 2017 को मनीष यादव फिर भिलाई आया और कुलदीप कौर अपनी कार से मनीष को लेने भिलाई पावर हाउस स्टेशन गई। इसके बाद रास्ते में कुलदीप कौर ने मनीष पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया। मनीष ने मना किया तो कुलदीप कौर ने उसकी शादी तुड़वाने और बलात्कार के केस में फंसाने की धमकी दी। इससे डरकर मनीष ने कार में ही दुपट्टे से गला घोंटकर कुलदीप कौर की हत्या कर दी। इसके बाद उसके शव को नेवई में नहर के पास फेंकर फरार हो गया। इसी मामले में अब कोर्ट ने मनीष यादव को सजा सुनाई है।

बीएसएफ की बड़ी सफलता

# अंतागढ़-कोयलीबेडा मार्ग में दो किलो का टिफिन आईईडी बरामद



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** 30वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने अंतागढ़-कोयलीबेड़ा मार्ग पर माओवादियों द्वारा सुरक्षा बलों एवं आम जनता को भारी मात्रा में नुकसान पहुंचाने के इरादे से लगाये गए दो किलो वजनी टिफिन आईईडी बरामद किया है। इसके बाद क्षेत्रीय मुख्यालय कांकेर के बम्ब निरोधक दस्ते ने आईईडी को निष्क्रिय कर दिया।

समय रहते उपरोक्त आईईडी का पता लगाकर बरबाद नही किया जाता तो काफी मात्रा में जान-माल की हानि हो सकती थी परंतु बीएसएफ के जवानों की सजगता के कारण माओवादी अपने मनसूबों में एक बार फिर नाकामयाब हो गये। सीमा सुरक्षा बल की इस सफलता पर छत्तीसगढ़ में स्थित सीमांत मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल के आईजी सतीश एस खण्डारे, आईपीएस ने टीम के सभी कार्मिकों को बधाई दी। उन्होंने आम नागरिकों यह भरोसा दिलाया कि बीएसएफ लोगों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में हम आपकी सुरक्षा के लिए तत्परता एवं बहादुरी से ऐसे ही कार्यवाही करते रहेगें।


# बेखौफ चोर: फिर टूटा सूने घर का ताला नगदी सहित जेवर पार, जांच में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** बालको थाना पुलिस रेलवे अफसर के घर हुई चोरी का मामला अभी सुलझा भी नहीं पाई कि चोरों ने एक और मकान में धावा बोल दिया। सूने मकान का ताला तोड़कर चोरों ने घर में रखी स्कूटी समेत जेवरात चोरी कर लिए। घटना की जानकारी पड़ोसियों ने परिवार को दी। उनके लौटने के बाद चोरी किए गए सामान का खुलासा होगा। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

बालको थाना अंतर्गत साईं चौक के पास भद्रपारा में अभिषेक अनंत का मकान स्थित है। वह रायपुर में रहते हैं, जबकि उनके भद्रपारा स्थिति मकान में मां और बहन रहती है। बीते कुछ दिनों से मां बेटी बाहर गए हुए हैं। उनके घर में ताला लगा हुआ था। सुबह पड़ोसी घर से बाहर निकले तो अभिषेक के मकान का दरवाजा खुला मिला। जिसकी जानकारी पड़ोसियों ने अभिषेक के दोस्त विशाल चौहान को दी।

उसने वीडियो कॉलिंग कर अभिषेक को मकान में चोरी होने की जानकारी दी। साथ ही मामले से पुलिस को अवगत कराया। फोन पर मिली जानकारी के अनुसार चोर



घर के बाहर रखी स्कूटी सहित अलमारी में रखे जेवरात और नगदी लेकर गए हैं, लेकिन परिजनों के आने के बाद ही पता चल सकेगा कि आखिर क्या-क्या सामान चोरी हुआ है।

सूचना मिलते ही बालको थाना पुलिस मौके पर पहुंची, जहां घर के दरवाजे में लगा ताला टूटा मिला। वहीं, मकान के भीतर सामान अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ था। कमरे में रखी अलमारी का दरवाजा टूटा था, उसमें रखा सामान फैला हुआ था। चोरों ने घर में खड़ी स्कूटी को चुरा लिया था। संभावना जताई जा रही है कि चोरों ने अलमारी में रखी नगदी व जेवरात को भी चोरी किया है। हालांकि घर से चोरी किए गए सामान की जानकारी परिवार के लौटने पर ही होगी।


इससे पहले चोरों ने न्यू भद्रपारा घासीदास चौक में रहने वाले रेल अफसर रोहित कुमार प्रधान के घर को निशाना बनाया था। उस मकान से चोरों ने 70,000 रुपये नगदी के अलावा करीब चार लाख रुपये कीमत के सोने व चांदी के आभूषण चुराए थे। मामले में बालको पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शूरू कर दी है।

### सड़क हादसे में दो युवकों की मौत, मोटरसाइकिल के अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरने से हुआ हादसा

**अंबिकापुर (ए)।** बिश्रामपुर सूरजपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में रविवार रात मोटरसाइकिल के अनियंत्रित होकर गिर जाने से दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक सूरजपुर जिला अंतर्गत विश्रामपुर के निवासी थे। बेहद मिलनसार और समाज सेवा में सक्रिय रहने वाले इन दो युवाओं की अचानक मौत की खबर से नगर में मातम पसर गया। जानकारी के अनुसार विश्रामपुर के शिवनंदनपुर भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष गगनदीप बग्गा 25 वर्ष अपने साथी गौरव राय 24 वर्ष के साथ रविवार रात मोटरसाइकिल में विश्रामपुर से सूरजपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान छत्तीसगढ़ ढाबा के पास उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। तेज गति से गिरने के कारण दोनों को सिर में गंभीर चोटे लगी।

कोरबा में हाथियों का कहर

# पुटु लेने गए चार ग्रामीणों को कुचला, दो महिलाओं की मौत



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में हाथियों के हमले से दो महिलाओं की मौत हो गई है। चार ग्रामीण पुटु लेने गए थे इस दौरान हाथियों के चंगुल में फंस गए। घटना कटघोरा वन मंडल क्षेत्र का है। हमले में दो ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार कटघोरा वनमण्डल के चोटिया डंप एरिया में हांथीयों का कहर देखने को मिला। पुटु लेने गए चार ग्रामीणों को दंतैल हांथी ने अपना शिकार बनाया। घटना में दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को डायल 112 की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि केंदई व ऐतमा नगर रेंज में 41 हांथीयों का दल लगातार विचरण कर रहा है जिससे फसलों को भी नुकसान पहुंच रहा है। वहीं घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम हांथीयों को जंगल की ओर खदेड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

# इंजीनियर हुई ठगी का शिकार: गेम के चक्कर में गवाएं 16 लाख रुपये, जांच में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**अंबिकापुर।** सूरजपुर जिले के विश्रामपुर में पेशे से कम्प्यूटर इंजीनियर युवती आनलाइन ठगी का शिकार हो गई। साइबर ठगों के झांसे में आई युवती ऑनलाइन गेम में शामिल हुई और 16 लाख रुपये से अधिक रकम अपने खाते से ट्रांसफर कर दिया। युवती से और 7 लाख मांगे जाने पर उसे ठगी का ऐहसास हुआ। युवती की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपित के विरुद्ध धारा 420 का अपराध दर्ज कर लिया है।



मिली जानकारी के अनुसार विश्रामपुर के शिवनंदनपुर के प्रतिष्ठित परिवार की 33 वर्षीय युवती पेशे से कम्प्यूटर इंजीनियर है और वह पूर्व में एक बड़े इलेक्ट्रानिक ब्रांड में बतौर असिस्टेंट मैनेजर कार्य कर चुकी है। छह माह पूर्व विशाखापट्टनम में उसका विवाह हुआ था। कुछ दिनों पूर्व ही वह मायके विश्रामपुर आई थी। युवती ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि गत छह सितंबर को उसके मोबाइल नंबर पर अज्ञात व्यक्ति के व्हाट्सएप नंबर के माध्यम से फुटबाल डिजिटल मीडिया का मैसेज आया और उसमें बताया गया कि व्हाट्सएप के लिंक को फॉलो करने पर प्रति लिंक 50 रुपये मिलेंगे।

प्रलोभन देने के बाद साइबर अपराधी ने आठ सितंबर को उसकी टेलीग्राम आईडी पर टास्क स्टार्ट होने का मैसेज आया तो उसने फिर ऑनलाइन गेम में भाग लिया। इसमें 14 टास्क करने पर 13 इंस्टाग्राम लिंक फॉलो टास्क और एक मर्चेंट प्रीपेड टास्क पर गूगल पे व आनलाइन गेम टास्क में मोबाइल बैंकिंग से युवती के खाते से 16 लाख 33 हजार रुपये ट्रांसफर करवाया गया। रकम ट्रांसफर करने के बाद उसकी रकम या कोई कमिशन वापस नहीं किया गया। उसके बाद सेटलमेंट करने के लिए 7.70 लाख रुपए की मांग की गई। तब युवती को ठगे जाने का ऐहसास हुआ। विश्रामपुर थाना प्रभारी अलरिक लकड़ा ने बताया कि युवती की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में साइबर सेल की मदद ली जा रही है।

बिलासपुर में पकड़ाया चांदी का तस्कर

# मथुरा से लेकर पहुंचा था 63 किलो चांदी, 44 लाख रुपए है कीमत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** शहर के सिटी कोतवाली पुलिस ने चांदी के तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध युवक को पकड़ा गया। युवक के पास से भारी मात्रा में चांदी के जेवर बरामद किए गए जिनका कुल वजन लगभग 63 किलो हैं। यह सभी पायल व चेन के रूप में हैं। जिसकी कुल कीमत 44 लाख रुपये बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।



सिटी कोतवाली पुलिस के अनुसार रविवार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गोडपारा सीताराम मंदिर के पास एक व्यक्ति के पास भारी मात्रा में चांदी के गहने रखे हुए हैं। सूचना के बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने युवक से करीब 1781 जोड़ी पायल 149 चैन सहित कुल 63 किलो चांदी जब्त की है। जब्त किए गए गहनों की बाजार में कीमत करीब 44 लाख रुपए बताई जा रही है। पूछताछ में युवक कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। युवक ने बताया कि वह मथुरा से चांदी के जेवर लेकर बिलासपुर पहुंचा था। पुलिस ने चांदी के सारे जेवर को जब्त कर लिया है।


Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950